तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 10 फरवरी 2025




11 मुंह के मौन से भी ज्यादा जरूरी मन का मौन है: धीरेन्द्र महाराज



11 आशा को मिल रहा जनसमर्थन, घर-घर जाकर मांगा जीत का आशीर्वाद



## खबर संक्षेप

### बाइक चोर पकड़ाया



**भिलाई।** सशक्त एप के माध्यम से जिले में हो रहे वाहन चोरी के आरोपियों को लगातार पुलिस गिरफ्तार कर रही है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मकान नं. 46 रायल रेसीडेंसी बोरसी निवासी राजकुमार जैन की बाइक को अज्ञात ने शराब दुकान के पास सिविक सेंटर चोरी कर लिया था। पुलिस में शिकायत करने के बाद सशक्त ऐप की मदद से पुलिस ने बाइक सीजी 07 एलए 8502 को बरामद किया। शैलेन्द्र मिश्रा नामक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि बाइक चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है।

### प्रतिबंध पानी पाउच से भरा पिकअप पकड़ा

**भिलाई।** भिलाई निगम ने गौरव पथ पर प्रतिबंध पानी पाउच से भरा हुआ पिकअप वाहन पकड़ा। रूटिंग मॉर्निंग विजिट के दौरान जोन कमिश्नर ऐशा लहरे द्वारा संदेह होने पर रुकवाया । पता चला उसमें प्रतिबंधात्मक पानी पाउच से भरा हुआ है। जब उससे पूछा गया कागजात कहां है तो ड्राइवर नहीं बता पाया। शासन द्वारा पानी पाउच पर रोक लगाया गया है। क्योंकि पैकिंग के दौरान उचित मापदंड के अनुसार पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। पूरे गाड़ी को जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर में में लाकर के पंचनामा बनवा करके पानी पाउच को खाली करवाया गया। संबंधी एजेंसी सुरेश बागे पिता पी वी एक्का से 5 हजार रुपए अर्थ दंड काट करके गाड़ी को छोड़ दिया गया। पानी पाउच को जप्ती बना लिया गया।

### ओवरलोड और नो एंट्री वाले वाहनों पर शिकंजा

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने शहर के नो एंट्री और ओवर लोड वाले वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि नो एन्ट्री में प्रवेश करने वाले, ओवर लोड, तेज रफ़्तार, शराब के नशे में, भारी वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. ट्रैफिक पुलिस लगातार ऐसे वाहन चालको नजर रखी है। विगत माह सडक सुरक्षा माह के दौरान अनेक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। कुल 1586 बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दो पहिया चालको पर कार्रवाई कर हेलमेट वितरण किया गया। इसे रोकने जनवरी में 275 वाहन चालको पर कार्रवाई हुई। 16 नो एन्ट्री, 18 शराब सेवन कर, 18 तेज गति, 8 ओवर लोड, 139 आदेश अवहेलना एवं अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया है।

पहले वर्ग फीट में और सरकार बदलने के बाद हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा

# भारत माला प्रोजेक्ट में बड़ा खेला- अफसरों ने बदल दिए अपनों को फायदा पहुंचाने नियम

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

## करोड़ों रुपए की गफलत की आशंका

भारतमाला प्रोजेक्ट में अफसरों ने ही बड़ा खेला कर दिया। अपनों को भूमि अर्जन की मुआवजा राशि का लाभ दिलाने के लिए सेंट्रल गर्वमेंट के नियम को ही बदला और उस हिसाब से करोड़ों रुपए का भुगतान हो गया। यह गफलत दुर्ग जिले के थनौद से उतई तक के किसानों का भू अर्जन मुआवजा भुगतान में किया गया। नतीजा यह हुआ कि एक किसान को ज्यादा तो दूसरे को बेहद कम मुआवजा राशि दी गई। पूरे मामले में करीब 200 करोड़ रुपए भुगतान संदेह के दायरे में है।



### इस तरह हुआ खेला

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2017-18 में भू अर्जन पुरई के पटवारी हल्का नंबर 40 तहसील दुर्ग थनौद से उतई तक किसानों की जमीन भूअर्जित की गई। थ्री डी प्रकाशन के बाद कुछ नामांकित चहेतों को वर्ष 2019 में 500 वर्ग फुट से कम अर्जित भूमि का मुआवजा निर्धारण चार गुणा दर से किया गया। इसकी वजह अफसरों ने किसानों को यह बताया कि इनका नक्शा बटाकंन हो चुका है। इस बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार ने रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत छूट दी। इसके आड़ में यह खेला कर दिया कि जिन किसानों की जमीन का नक्शा बटाकंन नहीं हुआ था उन्हे हेक्टेयर के हिसाब से दो गुणाांक में भुगतान कर दिया। जबकि सेंट्रल गर्वमेंट का भूअर्जन अधिनियम के हिसाब से एक गुना अर्जित राशि प्लस एक गुणा यानी दो गुणा प्लस दो गुणा क्षतिपूर्ति होता है।चाहे वह हेक्टेयर में हो या वर्ग फुट में। साथ में 12 प्रतिशत ब्याज की दर से गणना की जाती है।



### ये हैं गड़बड़ी के उदाहरण

ग्राम पुरई निवासी जयसिंह पिता तीर्थराज, हरिन्दर सिंह पिता रमाशंकर सिंह खसरा नंबर 203/2 के 0.036 हेक्टेयर यानी 360 वर्ग मीटर का मूल्यांकन 20 दिसंबर 2022 को किया गया है। उनकी राशि का मूल्यांकन 9 लाख 68 हजार 400 रुपए है। दो गुणांक के हिसाब से 19 लाख 36 हजार 800 रुपए प्लस 4 साल का ब्याज 5 लाख 55 हजार 474 रुपए कुल 44 लाख 29 हजार 074 रुपए बनाया। वहीं दूसरी ओर उसी गांव के किसान केसरी पवार पति कृष्णा पवार खसरा नंबर 209/2 के 0.022 हेक्टेयर यानी 220 वर्ग मीटर की गणना 29 हजार 920 रुपए का दो गुणांक 59 हजार 840 रुपए प्लस 4 साल की ब्याज राशि 17162 रुपस कुल मुआवजा राशि 1 लाख 36 हजार 842 रुपए बनाया गया है। खास बात यह है कि दोनों जमीन की खसरा नंबर लगी हुई है। औसत गणना जयसिंह की जमीन की 12 हजार 302 रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से और पवार की जमीन की गणना महज 622 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से की। इस तरह के कई मामले हैं।

### सरकार बदलने के बाद ऐसा हुआ भुगतान

वर्ष 2019 के बाद शेष किसानों को थ्री जी प्रकाशन करते जुए सभी किसानों की अर्जित की गई जमीन की गणना हेक्टेयर दर पर कर दिया। वर्ष 2022 में अवार्ड पारित किया गया कि मुआवजा भुगतान हेक्टेयर दर से किया जाएगा। नतीजा यह हुआ कि जमीन का मूल्यांकन चार गुना करके विभगीय अधिकारियों ने बनवाया। 500 वर्ग फुट का भुगतान हेक्टेयर दर से बना दिया। जिससे एक किसान की जितनी जमीन का मुआवजा पहले कम बना और अब उतनी ही जमीन की राशि दूसरे किसान को लाखों में मिल गई।

10 लाख प्रतिकर राशि देने का भी आदेश

# चेक बाउंस मामले में आरोपी को कारावास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक साल की सजा दी है। आरोपी एस. नागेंद्र राव निवासी सेक्टर 7 को न्यायिक मजिस्ट्रेट ,प्रथम श्रेणी दुर्ग विवेक नेताम की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आरोपी राव को सेक्टर 7 में ही रहने वाले परिवादी श्रीमती सरोज चौबे पति विनोद चौबे ने जरूरत के लिए 6 लाख 90 हजार रुपए उधार दिए थे। वर्ष 2015 से लेकर 2017 के बीच टुकड़ों में ये पैसे सरोज चौबे ने दिए थे। उधारी के एवज में आरोपी राव ने सरोज चौबे को चेक दिया था। चेक यूको बैंक सिविक सेंटर का था। जब परिवादी बैंक गया और चेक भुनाने के लिए लगाया। तो वह बैंक से बाउंस हो गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की विभिन्न दलीलों व दस्तावेजों के आधार पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी राव को एक साल साधारण कारावास व 10 लाख रुपए प्रतिकर

- परिवादी ने 6 लाख 90 हजार रुपए दिया था उधार

राशि देने का फैसला दिया है। प्रतिकर राशि अदा नहीं करने पर छह महीने अतिरिक्त कारावास की सजा और भुगतनी पड़ेगी। आरोपी राव व परिवादी चौबे दोनों पड़ोसी थे। इसलिए परिवादी को आरोपी राव पर भरोसा था कि उधार लिए पैसे लौटा देगा।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


रविवार को रात दस बजे प्रचार पर विराम, हर वार्डों में रैली की रही गूंज

# थम गया चुनाव प्रचार का शोरगुल, आज डोर टू डोर जनसंपर्क में झोंकेंगे ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई हैं। दो दिन पहले रविवार को वार्डो में दिनभर रैलियों का सिलसिला चलता रहा, जो देर रात तक जारी रहा। प्रचार प्रसार का क्रम रविवार को थमने के बाद आज प्रत्याशी व्यक्तिगत जनसंपर्क करने ताकत झोंकी जाएगी। प्रत्याशियों के लिए आज इम्तिहान की रात होगी।

नगर निगम चुनाव के लिए वोटर्स को रिझाने प्रचार का दौर रविवार को थम गया। आगामी 11 फरवरी को मतदान है। इससे पहले चुनाव प्रचार के अंतिम दिन क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में बैंड बाजे से साथ प्रत्याशियों ने रैली निकाली। सुबह से शाम तक यह दौर चलता रहा। प्रायः सभी प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक भी वोट की अपील करते रहे। कुछ वार्डों में चुनाव प्रचार को लेकर शक्ति प्रदर्शन करते देखा गया। प्रचार के बहाने वोटर्स को वार्ड का विकास का प्रलोभन देते रहे। वार्डों में सुबह से ही चुनाव प्रचार का नजारा देखते ही बना।




### वोटरों के पैर में झुंकते रहे प्रत्याशी

रविवार को सभी साठ वार्डो में बैंज बाजे व धमाल के साथ प्रचार में रैलियां निकलती रही। इस दौरान प्रत्याशी वोटरों के कदमों में झुंकते रहे, इस बीच यह नही देखा कि कौन छोटा कौन बढा था। कुछ तो कोरोनाकाल में किए काम और व्यक्तिगत मदद की दुआई देते नजर आए। इस तरह चुनाव को लेकर पूरी शहर में गहमागहमी का माहौल बना रहा। चुनाव प्रचार को लेकर शोरगुल थमने के बाद प्रत्याशियों ने अब वोटर्स से सीधा संपर्क शुरू कर दिया है। इसके बाद कल उनके भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो जाएगा।

### आर्थिक तंगी से जूझते रहे कांग्रेस प्रत्याशी

भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को जहां झंडा और बैनर पोस्टर भरपूर दिया गया था। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशियों को सिर्फ सौ झंडे दिए गए थे। ऐसे में बैनर पोस्टर के लिए उन्हें अपने स्तर पर व्यवस्था करनी पडी। ज्यादा कांग्रेस पार्षदों को आर्थिक तंगी का सामना करना पडा। भाजपा प्रत्याशी जहां डीजे व धमाल के साथ प्रचार करते रहे, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी डोर टू डोर प्रचार में ही जूट रहे। आखिरी दिन भी कोई बडा कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा नही किया गया। जबकि भाजपा में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व सांसद सरोज पांडेय और आखिरी में सीएम सहित विजय बघेल की पत्नि रजनी बघेल मैदान पर डटी रही।

प्रदूषण सर्टिफिकेट बनाने में होगी आसानी

# पेट्रोल पंपों पर होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के 500 से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर अब वाहनों की प्रदूषण जांच होगी। लोगों को इससे प्रदूषण सर्टिफिकेट बनाने में आसानी होगी। पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ के पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है।




### पहले भी पेट्रोल पंपों में पीयूसी का प्रयास

पेट्रोल पंपों में पीयूसी खोलने का प्रयास पहले भी सरकार कर चुकी है। 15 साल पहले पेट्रोल पंपों में पीयूसी खोलने के निर्देश दिए गए थे। भिलाई दुर्ग के कुछ ही पेट्रोल पंप संचालकों ने इसकी सहमति दी थी लेकिन यह शुरू ही नहीं किया जा सका। उसके बाद आरटीओ ने फ्रेंचायजी देकर पीयूसी चलवाई। अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में वाहनों के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त ए डी. रविशंकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और अपनी सहमति प्रदान की है।

### वर्तमान में निजी लोगों की है फ्रेचाइजी

आरटीओ द्वारा प्रदूषण जांच केंद्रों की फ्रेंचाइजी निजी लोगों को दी गई है। ऐसे लोग दुर्ग भिलाई के चौक-चौराहों पर अपनी चलित वाहनों में प्रदूषण जांच कर रहे हैं। दुपहिया वाहनों से ये लोग 40 रुपए और कार वाहनों से 80 रुपए तक शुल्क ले रहें हैं। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र शुरू होने से लोगों की सुविधाएं और बढ़ेगी। लोग पेट्रोल भरवाने आते ही है और वे यहां प्रदूषण जांच भी करवा सकेंगे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मार्च 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मार्च से 31 मार्च तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 15 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




नियम व शर्तें लागू

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

# साय ने किया रोड शो, कहा- विकास करने ट्रिपल इंजन वाली सरकार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। भाजपा के मेयर प्रत्याशी अल्का बाघमार के पक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वोट मांगी। इस दौरान खुली जीप पर मुख्यमंत्री ने आम लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। बडी संख्या में रैली में प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। मतदान के एक दिन पहले मुख्यमंत्री के यहां आने को लेकर कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह देखा गया।

इस दौरान सीएम के काफिले का जगह जगह स्वागत किया गया। रविवार को शाम चार बजे मुख्यमंत्री को रोड नया बस स्टैंड से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरी। इस दौरान खुले जीप में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी मौजूद थे। सीएम की रैली नया बस स्टैंड से शुरू होकर पचरीपारा कुंआ चौक, पोलसाय पारा, तकियापारा होते हुए महाराज चौक पर जाकर संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने कहा, दुर्ग शहर के चहुंमुखी विकास के लिए नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनाना है। जिससे दुर्ग की चहुमुंखी विकास हो सके। उन्होने कहा भाजपा सरकार ने नगरीय निकायों के विकास के लिए आठ हजार करोड से अधिक की राशि जारी की है, जिससे शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि, आने वाले वर्षों में 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे, नजूल भूमि पर बसे परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए नया कानून लाया जाएगा, महिलाओं के नाम पर संपत्ति कर में 25% की छूट मिलेगी, समय पर बिजली बिल और संपत्ति कर भरने वालों को पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश में अभूतपूर्व योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ जनता को सीधे मिल रहा है। रोड शो में सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार, दुर्ग भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महतारी वंदन और महिलाओं की भीड

रोड शो में सबसे ज्यादा महिलाओं के हाथों में महिला वंदन की तख्ती देखी गई। रैली में सबसे ज्यादा महिलाएं ही शामिल रही। रोड शो के पहले नया बस स्टैंड में छग संगीत को लेकर कार्यक्रम आयोजित रहा। यहां कार्यकर्ताओं की भीड जुटने के बाद मुख्यमंत्री साय नया बस स्टैंड पहुंचे। जिसके बाद दोनो विधायक और प्रत्याशी के साथ काफिले का कारवा आगे शहर में भ्रमण करता रहा।

### शाम चार बजे दुर्ग पहुंचे सीएम, देर रात चलती रही शहर में रैली



### कांग्रेस में अपने स्तर पर लगे रहे

ऐसी उम्मीद थी कि, कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में भी रविवार को रोडशो होगा। लेकिन अंतिम दिन सिर्फ मेयर प्रत्याशी और पार्षद प्रत्याशी अपने स्तर पर जनसंपर्क में लगे रहे। खबर है कि, शनिवार को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शहर में जनसंपर्क करने वाले थे। लेकिन उनका दौरा निरस्त हो गया। हांलाकि तीन दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बोरसी इलाके में रोड शो कर मेयर प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा था।

## खबर संक्षेप

### पीएससी में पूछे गए छग से संबंधित कई सवाल

दुर्ग। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फरवरी को जिला मुख्यालय दुर्ग के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई थी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान पहला शिफ्ट दस से बारह बजे था, वही दूसरा शिफ्ट तीन से पांच बजे आयोजित था। इस दौरान छग से संबंधित ज्यादातर प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें पंचायीराज से संबंधित व छग मुहावरा, इनकम टैक्स व संधि विच्छेद और व्याकरण से से संबंधित प्रश्न ने अभ्यर्थियों को पसीने छुडाए रहे। पहले शिफ्ट में सौ और दूसरे में सौ प्रश्न पूछे गए थे। जिसमें प्रेक्टिकल और थ्योरी थे। जिला प्रशासन द्वारा पीएससी परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी हितेश पिस्दा को बनाया गया था, उनसे संपर्क किया गया लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया। प्रशासन द्वारा कितने केन्द्र बनाए और कितने छात्रों उपस्थित व अनुपस्थित थे। इसकी जानकारी जारी नही की गई।

### मतदान के लिए 18 दस्तावेज मान्य होंगे

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका के सभी निर्वाचकों को आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन में मतदान केन्द्र पर मत डालने हेतु अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। इन दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी या निमित्त प्राधिकृत मतदान अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्य दस्तावेजों में- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परिचय पत्र, बैंक, डाक घर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, पेन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य/केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय द्वारा उनके अधिकारी एवं कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान पत्र, केन्द्रीय अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशनकार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस आदि शामिल हैं।

## निकाय चुनाव : शेष निकायों का मुख्यालय से सामग्री वितरण होगी

# रिसाली, भिलाई, दुर्ग का भारती कॉलेज से बंटेगी मतदान सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय 11 फरवरी को होना है, इसके लिए आज मतदान दलों को सुबह आठ बजे से ही सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। दुर्ग, रिसाली और भिलाई का पुलगांव स्थित भारतीय कालेज से और शेष निकायों को वही मुख्यालय से मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी तैयारी कर ली गई हैं, वही आरटीओ द्वारा एक दिन पहले बसों का अधिग्रहण किया गया हैं।

जिले में सफलतापूर्वक मतदान सुनिश्चित करने कल 10 फरवरी को प्रातः 8 बजे से मतदान सामग्री का वितरण नगरीय निकायों के लिए निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र से किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम दुर्ग, नगर पालिक निगम भिलाई और नगर पालिक निगम रिसाली के मतदान दलों को सामग्री वितरण भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग से किया जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के मतदान दल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई-3 से मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पालिक परिषद कुम्हारी के मतदान दलों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी, नगर पालिक निगम परिषद अमलेश्वर के मतदान दलों को स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलेश्वर, नगर पालिक परिषद अहिवारा के मतदान दलों को रिकेशन क्लब वार्ड-11 नंदनी नगर अहिवारा से सामग्री वितरण किया जाएगा। नगर पंचायत धमधा में स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा, नगर पंचायत पाटन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम (बालक) स्कूल पाटन और नगर पंचायत उतई में शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई से मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जाएगा। मतदान समाप्ति पश्चात मतदान दल उक्त केन्द्रों में ही सामग्री जमा करेंगे।

### जहां सामग्री वितरण होगा, वहीं जमा कराएंगे सामग्री, मतगणना भी यहीं



### निकायों में बनाए गए 397 मतदान केन्द्र

उक्त नगरीय निकायों के 165 वार्डों में स्थापित 397 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्रियों के साथ 10 फरवरी को रवाना किया जाएगा। नगर निगम दुर्ग के महापौर हेतु दो प्रत्याशी और अन्य निकायों के अध्यक्ष पद हेतु 24 प्रत्याशियों सहित महापौर, अध्यक्ष पद हेतु कुल 26 अभ्यर्थी तथा पार्षद पद हेतु 540 अभ्यर्थी चुनाव के मैदान में है। नगरीय निकायों हेतु मतदान 11 फरवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा।

### अधिकारी-कर्मचारी आज करेंगे मतदान

निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों हेतु निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के माध्यम से उनके मताधिकार को सुनिश्चित किया जाना है। उपसंचालक समाज कल्याण एवं नोडल अधिकारी डाकमत पत्र (स्थानीय निर्वाचन) अमित परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र हेतु पात्र पाए गए अधिकारी, कर्मचारी 10 फरवरी 2025 को शाम 5.30 बजे तक कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, जिला पंचायत परिसर दुर्ग में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकतें है। इसके अलावा सामग्री वितरण केन्द्र में भी मतदान कर सकते हैं।

# ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं: सांसद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ सांसद बघेल महापौर प्रत्याशी एवं के पक्ष में किया जनसंपर्क

भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं 59 वार्डों के प्रत्याशियों के पक्ष में इंदिरा मार्केट क्षेत्र में जनसंपर्क कर जनमानस से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा किए भारतीय जनता पार्टी सदैव से राष्ट्रवाद एवं विकास को लेकर कार्य करती है। आप सभी ने देखा होगा किए पूर्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा था जिसे उन्होंने ठगा नहीं था।हर जगह इन्होंने सिर्फ घोटाले और भ्रष्टाचार किया। चाहे वह छात्रों के हित को अनदेखी करते हुए पीएससी घोटाला किया या फिर केंद्र सरकार से आए हुए चावल पर भी उन्होंने डकैती डालीए यह वहां पर भी नहीं रुके। कोरोना काल के समय अपनी हरकतों से बाज नहीं आए थे। तुष्टिकरण की राजनीति इनके सर चढ़कर बोल रही थीए दुर्ग में भी आमजन मानस ने शहर में कांग्रेस को सत्ता की चाबी सौपी थी। इस भरोसे से दुर्ग शहर का सर्वांगीण विकास होगाए पर इन्होंने आम जनमानस की इच्छाओं पर कुठराघात करते हुए केवल और केवल भ्रष्टाचार किया। सांसद विजय बघेल ने आगे कहा कि अब दुर्ग की जनता ने संपन्न विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक मतों से विजयश्री दिलाया है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार जोड़ने के लिए आप सभी पुनः हमें अपना बहुमूल्य वोट प्रदान करें महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं समस्त 59 वार्डों के प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलाए। जनसंपर्क के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार, श्याम शर्मा, संभव जैन, महेंद्र लोढ़ा, अनूप गटागट, संतोष सोनी, संदीप जैन, डॉ शरद अग्रवाल, उपकार चंद्राकर, बानी सोनी, गायत्री वर्मा, जीतेंद्र राजपूत, अनूप सोनी, अनुप गटागट, नितेश जैन, विजय ताम्रकार उपस्थित रहे।

# भाजपा ही करेगी शहर का सर्वांगीण विकास-गिरधर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम चुनाव में भाजपा की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार विगत दिनों पोटिया रोड स्थित मांगलिक परिसर शिवाजी पार्क में कुर्मी समाज और वार्डवासियों द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुई। इस अवसर पर वार्ड 54 की भाजपा पार्षद प्रत्याशी हिरौंदी चंदानिया और वार्ड 50 की भाजपा पार्षद प्रत्याशी त्रिवेणी साहू भी विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक के आयोजनकर्ता वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर मढ़रिया के नेतृत्व में महापौर और पार्षद प्रत्याशियों का पूरे उत्साह के साथ वार्डवासियों द्वारा स्वागत कर उन्हें प्रचंड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया गया। श्रीमति बाघमार ने कहा कि पिछले कांग्रेस परिषद के कार्यकाल में नगर निगम की हालत खस्ता हो गई है। लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। भाजपा की परिषद आने पर हम नगर निगम को संवारेंगे और प्रत्येक व्यक्ति को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर मढ़रिया ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। नगर निगम में भी भाजपा की शहरी सरकार सत्तासीन होने से शहर का तेजी से विकास होगा और शासन की योजनाओं का लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा नेता नितेश बाफना, गायत्री वर्मा के अलावा कुर्मी समाज और वार्ड के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# प्रवासी पक्षियों की निगरानी रखने व मृत्यु होने पर सूचित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने पुलिस अधीक्षक, वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल, महाप्रबंधक भिलाई स्टील प्लॉट, भिलाई आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग भिलाई, रिसाली, भिलाई-बरोदा अनुविभागीय अधिकारी रा, दुर्ग, धमधा, पाटन, भिलाई-3, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा, पाटन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत जामुल, कुम्हारी, अहिवारा, अमलेश्वर, धमधा, पाटन, उतई को परिपत्र जारी कर जिले के कार्यक्षेत्र में पक्षियों के मृत्यु के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें दुर्ग डॉ एसपी सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी प्रभारी रोग अनुसंधान प्रयोग शाला दुर्ग डॉ नम्रता शारदा को तत्काल सूचित करने निर्देशित किया है। बाहर से आये प्रवासी पक्षियों की निगरानी रखते हुए मृत्यु होने पर भी सूचित करने कहा है।

### रायगढ़ में हुई है वर्डफ्लू की पुष्टि

कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव छग शासन कृषि विकास तथा किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी उद्यान की मत्स्य पालन पशुधन विकास गणना आयुक्त मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर व्दारा अवगत कराया गया है कि रायगढ़ जिला में कुक्कुट प्रक्षेत्र में वर्डफ्लू की पुष्टि हुई है। कलेक्टर रायगढ़ व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रभावित पक्षियों को नष्ट कर जिला मुख्यालय से 10 किमी की परिधी में कुक्कुट पक्षियों के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### अंतर की राशि का भुगतान कर भाजपा ने निभाया वादा

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने बताया कि धान खरीदी संपन्न होने के एक सप्ताह ही पश्चात किसानों को अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्नदाताओं से भाजपा सरकार ने अंतर की राशि का भुगतान का जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिया है।

# शिशु अदला-बदली मामले में दो को हटाया, आयोग ने भी मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल में बच्चों की अदली बदली मामले में प्रबंधन ने स्वीपर और ओटी टेक्नीशियन को हटा दिया गया है। डीएनए रिपोर्ट ने पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खडे कर दिया है। हांलाकि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि, जांच टीम बनाई गई है। जिसमें दोषियों पर कडी कार्यवाही की जाएगी। लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट सामने नही आई हैं।

उल्लेखनीय है कि, विगत 23 जनवरी को जिला अस्पताल में जन्मे शबाना और साधना के बच्चों की अदला-बदली हो गई थी। तब से ही अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठ रहे थे। जन्म के बाद दोनो परिजन को बच्चा सौंपने के बाद भी जिम्मेदारी अमले ने पुष्टि नही की थी। अगर शबाना ने आशंका नही जताई होती तो इसका खुलासा मुश्किल था। शनिवार को देर रात रिपोर्ट सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने शबाना का बच्चा जो साधना के पास था और साधना का बच्चा जो शबाना के पास था। उसे दोनो मां को सौंप दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बच्चा सौंपने की कार्यवाही शनिवार आधी रात को ही की है। रात को ही कोर्ट के जरिए दोनो पक्षों को बच्चा सुपुर्द कर दिया गया।



शाबाना की गोद में बच्चा, आजू बाजू दादा और दादी।

### लापरवाही ने तड़पाए रखी मां की ममता

जिला अस्पताल प्रबंधन की यह लापरवाही घोर निदंनीय है। बहरहाल दो कर्मचारियों को ही हटाया गया है। जबकि पूरे सिस्टम में शामिल लोगों पर अब तक कार्यवाही नही हुई हैं। सीएस डां हेमंत साहू ने बताया कि, जांच टीम गठित की गई है। जिसमें डां रेणु तिवारी और डां बालवान्द्रे को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होने बताया कि, आज कल में रिपोर्ट आ जाएगी। जिसके बाद दोषियों पर कार्यवाही करेगें। इस तरह अस्पताल की लापरवाही ने मां की ममता को तडपाए रखा।

### बाल आयोग ने लिया संज्ञान, मांगे प्रतिवेदन

मामला सामने आने के बाद अब बाल आयोग ने पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन को रिपोर्ट मांगा हैं। आयोग की सदस्य सोनल कुमार गुप्ता ने कहा मामला गंभीर लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध होगी कार्रवाई होगी। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने धारा 13(j)14 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए घटना के संबंध में पूरी विस्तृत रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग व जिला प्रशासन से मांगी है। उन्हें 10 फरवरी को प्रतिवेदन सहित आयोग में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कालांतर में ऐसी गंभीर चूक ना हो और पीड़ित को उचित न्याय प्राप्त हो सके।

## हम दुर्ग के विकास को लेकर अटल, विकास होता देखना चाहते हैं: सरोज पांडेय

# अलका के पक्ष में सरोज ने किया शहर में जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में शहर में जनसंपर्क

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुर्ग शहर के महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में दुर्ग शहर के पांच कंडील चौक में स्थित राम मंदिर में पुजा अर्चना के पश्चात सराफा लाईन, गांधी चौक से जवाहर चौक, फरिश्ता कंपलेक्स, फुल लाइन व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट अपील की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ,उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, कांतिलाल जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि, दुर्ग शहर को हम एक विकसित शहर के रूप में बनते हुए देखना चाहते हैं। शहर की बसाहट पुराने तर्ज के आधार पर है। आप सभी ने देखा दुर्ग का सर्वांगीण विकास भाजपा के शासनकाल में क्रमबद्ध तरीके से हो रहा था, लेकिन आमजन मानस कांग्रेस के चालबाज़ीयो में फंसकर कांग्रेस पार्टी को दुर्ग शहर की चाबी दे दी। अभी स्थिति यह है कि, दुर्ग शहर कई वर्ष पीछे चला गया। मैं यही कहना चाहूंगी कि जो हो गया सो हो गया। अब हमें वह गलती नहीं करनी है।

### डबल नहीं अब ट्रिपल इंजन का समय

सुश्री सरोज पांडेय ने आगे कहा कि, हम सब यह भी जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने आम जन मानस से डायरेक्ट महापौर चुनने का अधिकार छीन लिया और वह अधिकार वापस भारतीय जनता पार्टी ने दिया। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र पर भरोसा करती है, अब हमें वापस डबल इंजन की सरकार को ट्रिपल इंजन में बनाने का समय मिला है।



### विकास में अवरोध उत्पन्न न हो

सुश्री पांडेय ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं समस्त वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में अपना वोट रूपी मत अवश्य प्रदान करें। ताकि दुर्ग शहर के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ वार्डों के विकास में भी किसी प्रकार का अवरोध न उत्पन्न हो सके। आयोजित जनसंपर्क रैली में पार्षद प्रत्याशी श्याम शर्मा जीतू महोबिया हर्षिका संभव जैन, नितेश साहू, डॉ शरद अग्रवाल, राकेश महोबिया गुंजा पिंच राकेश दुग्गड, जवाहर जैन प्रतीक राजपूत, विक्रम सिंह, राहुल पाटिल सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेलौदी आश्रम में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग व बालसंस्कार विभाग द्वारा संत आशाराम बापू आश्रम ग्राम बेलौदी में सामूहिक मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य प्रवक्ता उड़ीसा के महाराज ओंकारानंद थे। कार्यक्रम में गांव के बच्चों और अभिभावक को आमंत्रित कर भगवान नाम का कीर्तन करते हुए की गई। महाराज द्वारा भगवान गणेश की कथा सुनाई गई। गौरतलब है कि देश भर में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में सच्चा प्रेम दिवस मानना प्रारंभ किया। इस दिन बड़े छोटे सभी बच्चे माता-पिता की आरती, उतार कर फूलों की माला पहनाई जाती है। माता पिता की सात परिक्रमा की जाती है। समिति युवा सेवा संघ और बाल संस्कार द्वारा दुर्ग जिले में मातृ-पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम 57 जगह में करने की रूपरेखा बनाई गई है। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

**खबर संक्षेप**



### वार्षिक उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कुम्हारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्राथमिक पूर्व माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय कुगदा के कक्षा पहली से बारहवी के बच्चों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में रचे बसे आंचलिक पारम्परिक लोक गीत, देश भक्ति नाटक एवं गीत संगीत की प्रस्तुति बच्चों ने मनमोहक तरीके से दी। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथियो ने माँ शारदा के छाया चित्र की पूजा अर्चना एवं दीप जलाकर व राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया।

## धनोरा में किया जा रहा शत चंडी यज्ञ और हनुमंत कथा

# मुंह के मौन से भी ज्यादा जरूरी मन का मौन है: धीरेन्द्र महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के विशेष सहयोग से 4 फरवरी से 12 फरवरी तक निरंतर जारी है। शत चंडी यज्ञ, हनुमंत कथा श्रीराम कथा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि हर रोज सुबह 7 बजे से यज्ञ हवन प्रारंभ होता है। वहीं श्री राम कथा 10 फरवरी को शाम 7 बजे से श्री राम दरबार मानस परिवार चीतमखार गरियाबंद वाले मंडली के द्वारा मानस गान महावीर उद्यान कथा स्थल पर समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ बदलते जा रहे हैं। संपत्ति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि क्योंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा अध्यात्मिक भी है जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे रहस्यमय शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है उन्ही संस्कार के साथ हम पलते बढ़ते हैं कि धार्मिकता और अध्यात्म के पथ पर चलते हैं। मनका का भोजन हमारे विचार हैं। एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है कृपया बताए मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं। आगे कथा में जगतगुरु धीरेन्द्र महाराज ने बड़े ही मार्मिक पूर्वक बताया कि राम जन्म की कथा समझाया। जगतगुरु से आशीर्वाद लिया एवं उनके हाथों से सम्मानित किया गया। कामेश्वर साहू छाया विधायक क्रान्ति सेना दुर्ग ग्रामीण, मनोज साहू भूतपूर्व सरपंच कोटनी, चंद्रशेखर बंजारे दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष, वासुदेव सप्रे आदि अनंत विभूषित हनुमंत द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य धीरेन्द्र महाराज चित्रकूट धाम उतर प्रदेश वाले कथावाचक का हार फूल से स्वागत किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, झब्बू साहू, सुखी राम, गुलाब साहू, मनोज पटेल, योगेश साहू, ललित साहू, सुऊख राम, ग्रामीण पटेल चैतुराम साहू, भोलू साहू, खिलेश्वर चीन्टू साहू , रोमनाथ साहू, बबलू साहू, गज्जू रायपुरीहा, बबीता साहू, प्रभा साहू, पार्वती साहू, रुक्मणी साहू, पुरईन साहू, दुर्गा साहू, छाया किरण, ओमकार साहू, हितेश पटेल, नंद पंडा आदि भक्तगण मौजूद थे। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधी चंन्द्रकांत कोसरे एवं शकुंज लाल साहू ने दी।

**कथावाचक जगतगुरु रामानंदाचार्य धीरेन्द्र का भक्तों ने किया स्वागत**





### हमारे विचार मन के लिए भोजन है

बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोग ने भी प्रसन सुना लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहे उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं। बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहे उस व्यक्ति ने फिर एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन है। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा हम ध्यान नहीं कर सकते हैं जब हम ध्यान करने बैठे तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए यानी सोच विचार करना बंद कर देना चाहिए तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। मुंह के मौन से ज्यादा जरूरी मन का मौन जरूरी है।

## आशा को मिल रहा जनसमर्थन, घर-घर जाकर मांगा जीत का आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले के क्षेत्र क्रमांक 7 जिला पंचायत सदस्य में चुनाव बेहद दिलजस्प हो गया है। लगातार प्रत्याशी प्रचार में लगे हुए हैं। गौर हो इस त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में नतीजा भी रोचक होते जा रही है, जहां ग्राम भोथली से दिव्यांग सरपंच अपने बैसाखी व हौसले को देखकर ग्रामीणों का जनसमर्थन आशा सुरेश साहू को मिल रहा है, गौर हो कि सुरेश साहू का राजनीतिक कद व नेताओं से नजदीकी है। पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रामशिला साहू, वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से बेहतर संबंध है, वहीं साहू बाहुल्य होने का भी लाभ मिल रहा है, क्योंकि पूरे दुर्ग जिले में भोथली की विकास कार्यों से अलग ही पहचान है। वहीं श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम में दर्शन पूजा कर जीत का आशीर्वाद लेकर निकुम के गांव गली में घर-घर जाकर जीत के लिए समर्थन मांगकर क्षेत्र के विकास के लिए विजन बताया, इस क्षेत्र में पानी की समस्या से ग्रामीणों को मुक्ति दिलाने प्रयास करेंगे, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करेंगे क्षेत्र में असामाजिक तत्व, अवैध शराब कोचिए से मुक्ति मिलेंगी, आंगनबाड़ी को बेहतर हाईटेक सुविधा, स्मार्ट टीवी आंगनबाड़ियों में लगे, विकास कार्यों से गांव की तस्वीर व तकदीर बदलने की बात कही, महिलाओं के हित के लिऐ बेहतर कार्य कर बैंकों से बेहतर सरकारी योजनाओं से सस्ती ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने की बात कही, सरकारी योजनाओं को हर जरुरत मंद को लाभ दिलाने की बात कही, इस रैली में हीरू साहू, पुनारद साहू, लोकेश्वर साहू, पूर्णिमा, योगेश्वरी साहू, पार्वती, बिशेश्वर साहू, रमहला ठाकुर, ओमेश्वरी देशमुख सहित बड़ी सख्या में गांव में जीत हासिल करने प्रचार कर रहे हैं।

■ जरुरतमंदों को लाभ दिलाने की बात कही

**निधन**

### शांतिदेवी पारख



**उतई।** उतई नगर के वार्ड 2 निवासी शांतिदेवी पारख उम्र 95 वर्ष का निधन 9 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मोहन लाल पारख की पत्नी एवं अजीतमल, हरीश कुमार, सतीश पारख की मां और रूपेश, नितेश, शुभम, मयंक, श्रेयांश पारख की दादी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### डॉ. पूनाराम साहू



**भिलाई।** पुष्पांजलि भवन पुरानी बस्ती कोहका निवासी लोक कलाकार डॉ. पूनाराम साहू उम्र 85 वर्ष का 9 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. मनहरण साहू, दिलीप, निर्मला साहू, सुशीला साहू, रुक्मणी साहू के पिता व साहू मित्र सभा भिलाई नगर के पूर्व अध्यक्ष सीताराम साहू के ससुर थे।वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस ने बड़ी रैली निकालकर किया शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

रविवार को चुनावी प्रचार के अंतिम दिवस धमधा नगर पंचायत के कांग्रेस पार्टी द्वारा महारैली के माध्यम से भारी शक्ति प्रदर्शन किया गया जिसकी चर्चा धमधा नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो में भी होती रही।

ज्ञात हो कि एक दिन पहले धमधा नगर में बीजेपी की रैली निकाली गई थी जिसमें 400 से 500 लोगों की रैली पूरे नगर में भ्रमण हुआ उसके बाद 9 फ़रवरी को कांग्रेस द्वारा महारैली के नाम से नगर में नगर भ्रमण किया गया जिसमे कांग्रेस के कददावर नेता और पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे सहित कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी सुनीता राजीव गुप्ता सहित 15 पार्षद प्रत्याशियों ने वोट की अपील की। महारैली में धमधा नगर के 2500 से अधिक महिला एवं लगभग 1000 से अधिक पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

■ कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी सहित 15 पार्षद प्रत्याशियों ने की वोट की अपील

इस महारैली के बाद धमधा भाजपा में खलबली मच गई और नगर के सारे भाजपाई अपने-अपने स्तर में कांग्रेस की रैली के बारे में फोन से जानकारी लेते मिले। लगभग 3500 की संख्या में महिला पुरुष के महारैली के पहले लोगों द्वारा चर्चा में इसे कांग्रेस पार्टी का यह मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है जिसके बाद कांग्रेस ने धमधा नगर में पहली बढ़त बना ली है। महारैली के पहले अध्यक्ष प्रत्याशी सुनीता गुप्ता, राजीव गुप्ता, अशोक कसार, खेमचंद जैन ने महारैली को सम्बोधित किया। तत्पश्चात सबसे अंत में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने सभा को सम्बोधित किया, सुनीता गुप्ता ने कहा कि हम भाजपा प्रत्याशी की तरह नकारात्मक सोच न रख कर अपने व्यवहार और विकास पर आपसे वोट मांगेंगे और जनता हमें आर्शीवाद ऐतिहासिक रूप से देने जा रही है।

सभा को सम्बोधित करते हुए राजीव गुप्ता ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी और हमारे प्रत्याशी में तुलना करके वोट दें,भाजपा प्रत्याशी धमधा नगर के किसी भी परिवार के सुख दुख में कभी शामिल नहीं हुए है और मालगुजारी विचारधारा से प्रभावित रहे है जिससे जनता कभी आसानी से मिल नहीं सकती और जनता उनके दरवाज़े में जा नहीं सकते। अंत में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा की मैंने अपने 40 साल के राजनैतिक जीवन में सुनीता राजीव गुप्ता जैसा सेवक नहीं देखा और हर समय सुनीता राजीव गुप्ता जनता के सेवा में उपलब्ध रहते है। धमधा नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा पहली मानसिक बढ़त हासिल कर ली है और बचें हुए दो दिन में इस बढ़त को भाजपा तोड़ पाती है या कांग्रेस हर चुनाव की तरह नगर में अपनी बढ़त क़ायम रखेगी इसका जवाब 15 फ़रवरी को परिणाम के दिन ही पता चलेगा।



### भाजपा हुई लगातार सोशल मीडिया में हावी

इन दिनों धमधा में रोजाना भाजपा समर्थकों द्वारा नगर पंचायत के कमी और कमीशन खोरी जैसे बयान बाजी का वीडियो जारी किया जाता है जिस पर नगर कांग्रेस के युवा अध्यक्ष रजत नायक ने कहा कि भाजपा बिना चुनावी मुद्दों के चुनाव लड़ रही है इस प्रकार कलाकार के द्वारा खोज खोज कर पुराने कार्य जो की नए के लायक हो गए हैं उन्हें चीख-चीखकर भ्रष्टाचार बताना गलत बयान बजी करना और यूट्यूब,फेसबुक के माध्यम से लोगों को भ्रमित करना नगर में हास्य पद चर्चा का विषय बना हुआ है वीडियो अगर बनाना है तो धमधा में किए गए बड़े-बड़े विकास कार्य युवाओं के लिए खेल मैदान, सामाजिक भावनाओं का निर्माण, दो बड़े मांगलिक भावनाओं का निर्माण, परोड़ा नाल में एनीकट निर्माण क्षेत्र में सबसे बड़ी सब्जी मंडी का निर्माण सहित अनगिनत बड़े-बड़े विकास कार्य जिन्हें जनता सोशल मीडिया में नहीं वास्तविक में देख रही है और आगे भी इसी प्रकार जनता का विश्वास हम जीतेंगे जो विकास कार्य छूट गया है उसे करेंगे और रही बात बीजेपी के प्रत्याशी की तो नगर देख रहा है कि पिछले कई वर्षों से नगर की सेवा कौन कर रहा है और आए चुनाव में आलोचना कौन कर रहा है।

# पाटन नपं में सुनाई दे रही सिटी की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गढ़ पाटन नगर पंचायत को लाल किला के नाम से जाना जाता है। वहीं बीजेपी पार्टी से अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए पार्टी से टिकिट नहीं मिलने पर पार्टी से बाग़ी होकर निर्दलीय चुनावों लड़ रहे होरीलाल देवांगन सीटी छाप पाटन नगर में धूम मचा दी है जिसे देखकर दोनों पार्टी बीजेपी और कांग्रेस पार्टी को आराम की नींद नहीं आ रही है। पाटन नगर पंचायत में अब सीटी छाप की ज़ोर पकड़ मज़बूत हो गई है होरीलाल देवांगन बीजेपी पार्टी से पूर्व में पार्षद रह चुके हैं। वे उसे बख़ूबी पता है और खूब अनुभवी है। वहीं होरीलाल देवांगन को भरपूर सहयोग मिल रहा है जिसमें पाटन नगर के जनता इस बार सीटी छाप में मतदान करने को उत्साहित हो रही है क्योंकि लोगों के मुंह में होरीलाल और सीटी छाप की आवाज सुनने को मिलती है। पाटन नगर पंचायत की जनता होरीलाल देवांगन और सीटी छाप के बारे में कह रहे हैं कि सबसे पहले सीटी छाप तीन नम्बर में है लेकिन पाटन नगर में होरीलाल पहले नम्बर चल रहे हैं क्योंकि नगर की जनता को सीटी छाप पर भरोसा जता रही है। होरीलाल देवांगन के षड्यंत्र में फसे विपक्षी के दोनों पार्टियों के दिग्गज नेता के नींद को बैचन कर दिया है। होरीलाल देवांगन के रैली में दिग्गज नेताओं का विशाल रैली में नजर आते हैं।

■ पूरे पाटन नगर पंचायत में होने लगी है होरीलाल की चर्चा

सीटी छाप के वार्ड भ्रमण में विशाल जनता के साथ पाटन नगर के जनता से आशीर्वाद माँग रहे हैं। होरीलाल नगर की जनता की माँग अब धीरे धीरे चुनाव नज़दीक आते आते ही जनता की माँग सीटी छाप और होरीलाल देवांगन की माँग बढ़ गई है। लोग दोनों बीजेपी और कांग्रेस के पार्टी से दूरी बनाने लग गई है। अब पाटन नगर में होरीलाल की चर्चा पूरे पाटन नगर पंचायत में होने लगी है। जनता एक ही नारा लगा रही है अब नई सहिबो पाटन नगर में सीटी बजा के रहिबो के नारा लगा रहे हैं।




**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जामगांव आर में साइबर ठगी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

साइबर ठगी ने रविवार को जामगांव आर एरिया में दस्तक दी। विदित हो कि जामगांव आर के एक दुकानदार से दुकानदार का नाम लेकर सामान का रेट पूछते हुए समान आर्डर कर कुल राशि पूछे 2520 रुपए बताए जाने पर क्यूआर मंगाए और बोले धोखे से 25200 चला गया। शेष राशि फोन चालू रखते हुए तुरंत वापस भेजने के लिए सख्त लहजे में दबाव बनाने लगे। व्यापारी ने कहा कि मेरे एकाउंट में कोई राशि नहीं आया है। आप दुकान पर आ जाए मेरा एकाउंट चेक कर लें। इस बात की जानकारी जामगांव आर पुलिस को दी गई। पुलिस ने तथाकथित साइबर ठगी से बात किए। पुलिस समझ में आते ही फोन में बात करना बंद कर दिए। आईपीएस पूजा यादव के नाम फर्जी आईडी बनाकर तथाकथित साइबर ठगी ने दुकानदार पर राशि वापस भेजने के सख्त दबाव बनाए। पुलिस ने कहा कि साइबर ठगी किसी का भी फर्जी आईडी लगाकर झांसा देते है दबाव बनाते हैं।

वहीं जामगांव आर पुलिस भीषम करैत ने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए सभी व्यापारी और बैंक खाताधारक पूर्णतः सजग रहे। साइबर ठगी से बचने के सजगता आपकी मुख्य कवच है। इनके झांसे में ना आए पुलिस को भी जानकारी दे। जानकार लोग कहते हैं एकाउंट से राशि साइबर ठगी को भेजने के बाद वे एकाउंट से राशि खाली करने में एक्सपर्ट होते हैं। भूल कर भी 1 रुपया भी उनको ना भेजे।



# पीडीएस चावल की तस्करी, रोजाना खप रहा है सौ टन से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार में पीडीएस चावल तस्करी सिंडिकेट बनाकर अपना कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। रोजाना सौ टन से अधिक का पीडीएस चावल खप रहा है। प्रशासन पूरी तरह इसे रोकने में फेल साबित हो रहा है। अब यह तस्करी रात के अंधेरे में शुरु हो गया है। सिंडिकेट को जिले का खाद्य विभाग तोड़ने में पौना साबित हो रहा है। इसे लेकर कोचिया राशन दुकानो के संचालकों से संपर्क कर पीडीएस चावल को अधिक दामों पर खरीद रहें है। मिली जानकारी के मुताबिक खुर्सीपार का चावल तस्कर त्रीदेवी अपना चावल का काम बंटी के जरिए पूरे क्षेत्र में फैला रखा है। बंटी बेखौफ तरीके से चावल की तस्करी त्रिदेवी से कराता है। इससे प्रतिदिन खाद्य विभाग को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। बावजूद खाद्य विभाग चॉवल तस्करी करने वालों पर अपनी मेहरबानी बनाकर रखा हुआ है। खाद्य विभाग इसे लेकर कुछ भी कहने से इंकार कर रहा है। कभी मोपेड में चॉवल ढोता था, लेकिन समय बदलने के बाद वो खुद अब चॉवल बेचने ग्राहको की तलाश में जुटा रहता है। खाद्य विभाग चॉवल तस्करो को लेकर खानापूर्ति कार्रवाई ही करती आई है। तभी तो दुर्ग जिले में बेखौफ रुप से यह कारोबार जारी है। जिले में चरोदा, खुर्सीपार, कैम्प, दुर्ग, कुम्हारी, कोड़िया समेत आसपास का क्षेत्र बड़ा कारोबार चल रहा है।

## खुर्सीपार की राशन दुकानों पर कोचियों का कब्जा, चरोदा में भी बेखौफ कारोबार

### कोचियों के तार जुड़े हैं राइस मिल तक

खबरों के मुताबिक चावल कोचिए दलाल के माध्यम से राइस मिल तक पीडीएस चावल को खपाते हैं। वे उचित मूल्य की दुकान से सीधे खरीदते हैं। उसी चावल को मिलर तक पहुंचाते है। मिलर उसी चावल को फिर कस्टम मिलिंग के नाम पर नान में जमा कराया जाता है। बंटी कोचिए की खाद्य विभाग में अच्छी पकड़ है। राशन की कमी होने पर उस दुकान संचालक को समय दिलाना, पकड़े जाने पर किस कोचियों पर एफआईआर दर्ज कराना है या मामले को रफादफा कराना है? यही सब अपने हिसाब से करता है। राशन दुकान संचालको की तस्करी बढ़ने से चांदी हो गई है।



### इन कारोबारियों पर है मेहरबानी

चॉवल कारोबारी के मुताबिक सुपेला बागेश्वर,सुपेला निक्की , श्रीपाल , काके, वैशाली नगर सूरज, हर्रा, संजय , शुभम , डब्लू, काला चंदन, खुर्सीपार त्रिवेदी, चरोदा सानू, टाउनशिप में शुभम, दुर्ग अजय , अक्षय समेत प्रमुख कोचिए बताए जाते है। ये सभी कई बार थानों में पकड़ा भी चुके है। इनका दलाल नीरज और ज्ञानू के माध्यम से राइस मिल तक पहुंचते है। जितनी भी कार्रवाई खाद्य विभाग करती आई है उनकी जानकारी तक नहीं मिल पाती है।

## खबर संक्षेप

### सेक्टर 6 में बुनियादी सुविधाएं बदहाल, परेशानी

**भिलाई।** टाउनशिप की सबसे बड़ी और पुरानी कालोनी सेक्टर 6 के लोगों को बीएसपी की निष्क्रियता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बुनियादी सुविधाओं की बदहाली से रहवासियों को परेशानी हो रही है। यूनियनों ने सभी समस्याओं के जल्द निदान की मांग की प्रबंधन से की है। पिछले लंबे समय सेक्टर 6 को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि सेक्टर 6 उजाड़ हो रहा है। पांच साल पहले यहां बीएसपी द्वारा सौ अनफिट आवासीय ब्लाकों को सुरक्षा की दृष्टि से ढहा दिया गया था। इसके बाद नगर सेवाएं विभाग द्वारा पिछले एक साल से चलाए जा रहे अवैध कब्जा हटाओ मुहिम के तहत भी सैकड़ों मकानों गिराया गया है। कई ब्लाकों को खिड़की दरवाजे निकाल लिये गए है, ताकि कब्जाधारी फिर कब्जा ने करें और कोई हादसा न हो। इससे सेक्टर 6 का अधिकांश इलाका खंडहरों मलबों में बदल चुका है। हजारों लोग अन्य सेक्टरों में चले गए हैं। इससे ढहाए गए मकानों से लगे पाइप लाइन व सिवरेज लाइन डैमेज होने से पेयजल व सीवेज की समस्या आ रही है। वहीं सफाई व्वस्था भी चरमरा गई है। खंडहरों में असामाजिक तत्वों की डेरा है। असामाजिक गतिविधियों से आसपास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि कई बार नगर सेवाएं विभाग के लोगों से शिकायत करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### आईडीएक्ट से होना है चुनाव, 10 यूनियनें लेंगी भाग

# बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव को लेकर बढ़ी सियासी सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता यूनियन चुनाव का ट्रेड यूनियनों को बेसब्री से इंतजार है। पिछली मान्यता यूनियन के कार्यकाल समाप्त होने के चार माह बाद भी चुनाव प्रक्रिया शुरु नहीं होने से श्रमिक संगठनों में बेचैनी बढ़ रही है। एनजेसीएस यूनियनों ने जल्द चुनाव प्रक्रिया शुरु किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछला मान्यता चुनाव 30 जुलाई 2022 को हुआ था। चुनाव में बीएमएस को मान्यता मिली थी। बीएसपी को साढ़े तीन हजार वोट मिले थे। विजयी यूनियन का कार्यकाल 24 सितंबर 2024 को खत्म हो चुका है।

मान्यता कार्यकाल समाप्त होने के यूनियनों को उम्मीद थी कि जल्द चुनाव की घोषणा एएलसी द्वारा की जाएगी और बीएसपी प्रबंधन चुनाव प्रक्रिया शुरु कर देगा। लेकिन पिछले मान्यता चुनाव के चार महीने बीतने के बाद भी चुनाव की तारीख घोषित नहीं की गई है। इससे प्रमुख यूनियनों में बचैनी और असंतोष है। नियमानुसार सभी यूनियनों को श्रमायुक्त से चुनाव की विधिवत मांग करनी होगी। इसके बाद एएलसी द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा फिर प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

बीएसपी प्रबंधन श्रमायुक्त के निर्देशानुसार मतदान केंद्र बनाने और मतदान करवाने आदि की तैयारी शुरु करेगा। महीनेभर पूर्व सीटू ने चुनाव करवाने की मांग की थी। इसके बाद एक दो यूनियनों ने भी जल्द चुनाव कराने की मांग की है। एएलसी और प्रबंधन ने प्रक्रियागत आश्वस्त भी किया था। सीटू के मुताबिक मान्यता यूनियन की चुनाव प्रक्रिया जल्द शुरु की जानी चाहिये, ताकि कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए प्रबंधन से चर्चा की जा सके।

### मान्यता यूनियन का कार्यकाल चार माह पूर्व हो चुका है समाप्त



### दो बार सीटू, एक मर्तबा इंटक और बीएमएस जीत चुकी है चुनाव

बीएसपी में मान्यता यूनियन का चुनाव आईडीएक्ट के तहत होता है। अब तक चार चुनाव हो चुके हैं। पहली बार वर्ष 2011-12 में चुनाव हुआ था। दो मर्तबा सीटू यूनियन ने चुनाव में सर्वाधिक वोट प्राप्त कर मान्यता प्राप्त की थी। इसके बाद एक बार इंटक ने चुनाव जीता। वर्ष 2024 को हुए पिछले मान्यता चुनाव में बीएमएस ने सर्वाधिक वोट हासिल कर मान्यता प्राप्त की थी। इस बार चुनाव में एक नई यूनियन सहित ग्यारह यूनियनें मैदान में उतरेंगी। बीएमएस, सीटू, इंटक, एटक, एक्टू, एचएमएस, लोईमू, इस्पात श्रमिक मंच, बीडब्ल्यू, स्टील वर्कर्स यूनियन, बीएकेस चुनाव में भाग लेंगी।

### प्रमुख यूनियनें हुई सक्रिय

मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त होते ही यूनियनों ने प्रारंभिक सक्रियता शुरु कर दी। प्रमुख यूनियनें चुनाव को देखते हुए कर्मियों के प्रमुख मुद्दों को उठा रही हैं। एनजेसीएस यूनियनों में सीटू, बीएमएस, इंटक के अलावा नान एनजेसीएस यूनियन बीडब्ल्यू और बीएकेएस आदि यूनियनें बीएसपी कर्मियों की समस्याओं को लेकर अपनी सक्रियता दिखाने का प्रयास कर रही हैं। इस बार चुनाव में करीब 12 हजार बीएसपी कर्मचारी बतौर वोटर मतदान करेंगे। वहीं कर्मियों को वेतन समझौता अब तक अपूर्ण होने से लंबित 39 महीने के एरियर्स नहीं मिलने से कर्मचारी उदासीन हैं।

# दुर्ग जिला के शाखा संगम में जुटे सैकड़ों स्वयं सेवक बंधु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिला शाखा संगम रविवार की शाम भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में संपन्न हुआ। इस शाखा संगम में 65 शाखा के सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक जुटे। इस संगम का उद्देश्य बस्ती और नगर तक स्वयं सेवक को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंकित अग्रवाल थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रांत के सहमहाविद्यालयीन प्रमुख विक्रांत, विभाग कार्यवाह संजय पाण्डेय, सहकार्यवाह दिलेश्वर उमरे, विभाग के संचालक कमल, विभाग प्रचारक रोशन उपस्थित थे।

■ बस्ती में पहुंचे शाखा इस पर दिया जोर

कार्यक्रम की शुरुआत शाखा के योग व्यायाम से शुरू हुआ। इसके बाद दंड प्रयोग, पद विनयास, सात प्रकार के खेल हुए। खेल के शाखा लगाने की पद्धति अपने-अपने शाखा के मुख्य शिक्षकों द्वारा सिखाया गया। शाखा के चर्चा के गीत अमृत वचन हुआ। बौद्धिक के दौरान मध्य क्षेत्र के प्रचारक सुनील जैन ने अपना उदबोधन दिया। इस दौरान जिला प्रचारक अर्जुन, जिला सहकार्यवाह दुष्यंत साहू, भिलाई नगर कार्यवाह दिनवंधु, मनोन नंदेश्वर,परमानंद, चन्द्रप्रकाश साहू उपस्थित थे। रविवार के खेल व्यायाम, बौद्धिक को सफल बनाने में सैकड़ों स्वयंसेवको का योगदान रहा।

# टाउनशिप के आवासीय क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को सुधारे प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने बीएसपी नगर सेवा के महाप्रबंधक जनस्वास्थ्य को पत्र लिखकर आवासीय क्षेत्र के बैकलाईन की पर्याप्त सफाई कराने का मांग किया है। यूनियन ने अपने पत्र में लिखा है कि एक तरफ सेल-बीएसपी को महारत्ना उपाधी प्रदान की है तो दूसरी तरफ एक निजी संस्था द्वारा बगैर धरातल की वस्तुस्थिति जाने ही "ग्रेट प्लेस टू वर्क" की उपाधी दी जा रही है। जबकि जनस्वास्थ्य अनुभाग में ही स्वास्थ्य से जुड़े कई समस्याए लगातार सामने आ रहा है। टाउनशिप के आवासीय क्षेत्र के बैकलाइन की वर्षों से सफाई नहीं हुई है। गंदगी, जंगल, झाड़ी, कुड़ा कड़कट आदि जमा हो गया है। कचरों के कारण मच्छर तथा गंदगी जनित बिमारियां फैल रही है, जिससे महामारी फैलने की आशंका है। यूनियन ने मांग किया है कि जल्द आवासीय क्षेत्रों के बैकलाईन की सफाई कराए तथा भविष्य के लिए सफाई कैलेण्डर भी बनावा कर प्रकाशित कराए ताकि आगे कैलेण्डर के हिसाब से स्वतः सफाई प्रक्रिया होते रहे ।

- बीएकेएस ने बीएसपी के जीएम से की मांग
- कचरों के कारण मच्छर तथा गंदगी जनित बिमारियां फैल रही

### इच्छा शक्ति पर निर्भर

"अधिकतर स्थानीय कार्य अधिकारियों के इच्छा शक्ति पर निर्भर है। जब सभी कार्यों के लिए ठेका होता है तो कार्य सही तरीके से नहीं होना, अधिकारियों के नकारात्मक इच्छा शक्ति को प्रदर्शित कर रहा है।

**अभिषेक सिंह,** महासचिव बीएकेएस भिलाई

# फर्जी रजिस्ट्री मामले में एक और आरोपी की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बाब दीप सिंह नगर वार्ड 40 जोन 2 की सरकारी जमीन को फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज बनाकर बेचने के मामले में फिर एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि नेहरु भवन सुपेला निवासी राजेन्द्र प्रसाद 47 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। राजेन्द्र प्रसाद ने खसरा 5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर जोन 2 मामले में आवेदक मुकेश बावने को एन.धन राजु के द्वारा विक्रीय किया गया। एन. धन राजु को उक्त जमीन अरविंद भाई के द्वारा बेचा गया। उक्त भूमि अभिलेखा अनुसार ग्राम छावनी के उद्योग विभाग की जमीन के नाम से दर्ज है। छदम आदमी अरविंद भाई के नाम पर पुरूषोत्तम डोंगरे शांति नगर चिखली थाना चिखली भेजा। जबकि एन धनराजू द्वारा मुल स्वामी अरविंद भाई के खाते की जानकारी रजिस्ट्री में लेख नही की गई। न ही अब तब की विवेचना में किसी के अरविंद या पुरूषोत्तम के खाते मे भुमि को लेकर पैसा देने में कोई प्रवृष्टि प्रस्तुत की है। गौरतलब हो कि सरकारी जमीन को लेकर दो साल से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी।पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच कर आरोपियों का नाम सामने आने के बाद अब तक 10 आरोपी पुलिस पकड़ में आ चुके है। पुलिस इस मामले अब भी जमानत पर रहे धनरजु की जमानत कैंसल करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। इसके अलावा जलंधर पुलिस पकड़ से है बाहर।



- सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में 10 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी
- अभी और फरार आरोपी की पुलिस कर रही है खोजबीन

## मिशन क्लीन सिटी का ऐसा है हाल...



### हमर क्लीनिक में सुखाए जा रहे गोबर के कंडे, बदबू से मरीज हलाकान

**भिलाई।** यह तस्वीर है जोन 4 आज़ाद नगर खुर्सीपार जोन-2 वार्ड-50 में स्थित शासकीय हमर क्लीनिक की, जो इन दिनों गोबर थापने का अड्डा बना हुआ है। आसपास के लोग हमर क्लीनिक का उपयोग इलाज और जांच के लिए कम गोबर से कंडे बनाने के लिए अधिक कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसे प्रशासन, हेल्थ विभाग और नगर निगम में कई बार शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि उठती बदबू से लोग खासे परेशान हैं, इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। लोग परेशान हो रहे हैं।

## बीएमएस ने बीएसपी प्रबंधन से की लंबित समस्याओं के निदान की मांग

# संयंत्रकर्मियों को मिलें साढ़े छह सौ वर्गफुट के मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी कर्मचारियों की समस्याओं के लंबित होने से कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। बीएमएस संघ यूनियन ने प्रबंधन से सभी समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है।

यूनियन की इस्पात भवन काफी हाउस में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के अध्यक्ष चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में समस्याओं पर चर्चा हुई।

भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन प्रबंधन से कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करते आ रही है।



प्रबंधन से मांग की कि हड़ताल में शामिल कर्मियों का प्रमोशन बेकडेट पर दिया जाए। संयंत्र में सुरक्षा में चूक से लगातार कर्मचारियों का दुर्घटना हो रहा है यूनियन द्वारा चिंता व्यक्त की गई। कर्मचारियों में भय का वातावरण है। संघ द्वारा प्रबंधन के खिलाफ शिकायत डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एवं सेफ़्टी से मिलकर किया गया। इसके अलावा कर्मियों को लाइसेंस में आवास आवंटन सुविधा के तहत 650 वर्गफीट मकान देनें,सब्जेक्टू वेकेशन पुनः शुरू करने और सेक्टर 9 हॉस्पिटल में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग की। साथ ही कार्डियोलॉजिस्ट के साथ नए डॉक्टर व मेडिसिन व्यवस्था में सुधार, अधिकारियों के लिए बने भिलाई क्लब व स्टील क्लब की तरह ही कर्मचारियों के लिए सभी क्लबों को मॉडल क्लब बनाने और टार फ़ेल्टिंग का कार्य जल्द किया जाए।

### यह हैं मांगें

नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशनल स्कीम को पुन; लागू ह आवासों का संधारण एवं उन्नयन कर्मचारियों के आवश्यकता के अनुसार समय सीमा में संधारण किया जाए, बीएसपी के अंदर सर्वसुविधायुक्त सुलभ शौचालय का कार्य में तेज़ी लायें । बचे हुए मजदूरों को का दस लाख का दुर्घटना बीमा हो ।टाउनशिप की मुख्य सड़कों में एलईडी बल्ब लगवाये जाये। बैठक में उपाध्यक्ष डिल्ली राव, सुधीर गडेवाल, संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा , प्रदीप कुमार पाल, अनिल गजभिये, गौरव कुमार, भूपेन्द्र बंजारे, सचिव संजय कुमार साकुरे, अखिलेश उपाध्याय, पूरन लाल साहू, प्रकाश सोनी, संतोष सिंह ,घनशयाम साहू उपस्थित थे ।



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025
# लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



खो-खो टीम ने लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट के लिए किया क्वालीफाई

**लाइव इवेंट**

## स्कूल में बांटे स्टेशनरी व ग्रीन मैट, बच्चों के संग खेले गेम



**भिलाई।** अग्रवाल समाज महिला मंडल दुर्ग द्वारा नवीन प्राथमिक विद्यालय में स्कूल के बच्चों के जरुरत के सामान वितरित किये गए। जिसमें बच्चों को स्टेशनरी के सामान पेन, खाने के लिए चिप्स सहित स्नैक्स के पैकेट वितरित किये गए। जिसे पाकर स्कूली बच्चों के चेहरों में खुशी दिखाई दी। अग्रवाल समाज महिला मंडल दुर्ग द्वारा नवीन प्राथमिक विद्यालय शक्ति नगर में बसंत पंचमी के अवसर पर कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक कक्षा में बिछाने के लिए ग्रीन मैट स्कूल में प्रदान किया गया साथ ही 200 बच्चों को कॉपी पेन एवं चिप्स के पैकेट का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता गोयल, निर्मला बंसल, कमलेश गोयल, ज्योति गोयल, संतोष बंसल, कंचन खेतान, अंजू खेतान, सुनीता खेतान, पायल बंसल एवं सीमा खेमका विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक अवनीश चंद्र श्रीवास्तव, चंद्रकांता देवांगन, सुनीता तिवारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। महिला मंडल की सभी सदस्यों ने इस सेवा कार्य में बच्चों के साथ बातचीत कर अनुभव साझा किये। सदस्याओं ने बच्चों के साथ कई रोचक गेम्स खेलकर आनंद लिया। गेम्स में विजेता बच्चों को गिफ्ट भी वितरित किये।

- अग्रवाल समाज महिला मंडल दुर्ग ने किया सेवा कार्य



**सिटी इवेंट**

## राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन 16 को, जुटेंगे विद्वान ज्योतिष



**भिलाई।** ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान भिलाई-दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन का आयोजन कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में 16 फरवरी को किया जाएगा। यह सम्मेलन ज्योतिष के क्षेत्र में राज्य एवं देश के विभिन्न राज्यों से आये विद्वान ज्योतिषियों के लिए उनके द्वारा किए गए शोध एवं अनुभव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से साझा करने के लिए एक उल्लेखनीय मंच प्रदान करेगा। यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान संस्था के संरक्षक उमेश तिलंगिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष जीडी स्वर्णकार, महासचिव नन्द लाल चौधरी ने दी। राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन के आयोजन के संबंध में सदस्यों ने बताया कि स्मारिका के रूप में ज्योतिष दर्शन पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहे है। पत्रिका में शामिल लेख एवं शोध सभी के लिए मार्गदर्शी एवं उपयोगी होगे। ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान द्वारा आम जनों तक ज्योतिष की पहुंच सुनिश्चित करने एवं जीवन को सरल एवं परिणाममूलक बनाने के लिए सम्मेलन के दिन 16 फरवरी को विद्वान ज्योतिषियों के माध्यम से निःशुल्क ज्योतिषीय परामर्श दिया जायेगा। निःशुल्क परामर्श का लाभ भिलाई-दुर्ग शहर के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए आम जनों को मिल पायेगा। इस आयोजन के लिए संस्थान के पदाधिकारी, सभी सदस्य, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर तैयारी में लगे हुए है। प्रेसवार्ता में विजयकान्त महंती, उमेश तिलागिया, जीडी स्वर्णकार, पी. विश्वेकर, दादाराव बोरोडे, शेखर आर जी, राजेन्द्र कसेर, सुधाकर, आशा वर्मा, चमेली सिन्हा, नवीन शाहजो, नन्दलाल चौधरी मौजूद रहे।

- विभिन्न राज्यों से आए विद्वान ज्योतिषियों, रखे अपने विचार

**स्पोर्ट्स**

### स्टेट क्रिकेट संघ सीनियर वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ सीनियर वर्ग की प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। जिसमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में रायपुर विरुद्ध नारायणपुर कल्याण कॉलेज ग्राउंड में, सरगुजा विरुद्ध रायगढ़ और आरडीसीए रायपुर में और कोरिया जिला विरुद्ध कवर्धा के मैच खेले जाएंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 में आज खेलें मैच में टीम नारायणपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू की बल्लेबाजी नारायणपुर पहली पारी 214 रन पर आउट हुई। रायपुर ब्लू ने पहली पारी एक विकेट पर 83 रन लिये। कल्याण कॉलेज ग्राउंड में सरगुजा विरुद्ध रायगढ़ के मैच में सरगुजा की पहली पारी में 216 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी रायगढ़ पहली पारी चार विकेट पर 37 रन लिये। आरडीसीए रायपुर टीम कवर्धा विरुद्ध कोरिया जिला मैच में कवर्धा ने पहली पारी 263 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी करते हुए कोरिया जिला दो विकेट पर 54 रन बनाई।

● छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े डॉग शो की सिल्वर जुबली पर 200 से ज्यादा डॉग्स ने लिया हिस्सा

# रेयर ब्रीड डोगो अर्जेंटीना, मिन पिन, चाऊं-चाऊं समेत देसी डॉग्स ने बिखेरा जलवा, किया कैट वॉक

**भिलाई।** मिनी इंडिया भिलाई में देश-विदेश के कई खास ब्रीड के डॉग्स इकट्ठा हुए। मौका था 25वां एनुअल डॉग शो जो हर साल भिलाई में पशुचिकित्सक डॉ. सुशोभन रॉय के नेतृत्व में आयोजित होता है। भिलाई में सबसे पहले 1992 में डॉग शो की शुरुआत हुई थी, आज 2025 में डॉग शो का सिल्वर जुबली आयोजन संपन्न हुआ। इस सिल्वर जुबली कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के अनोखे डॉग्स ने भाग लिया, जिसमें साइबेरियन हस्की, मिन पिन, सेंट बर्नार्ड, लैब्राडोर, गोल्डन रिट्रीवर, डोगो अर्जेंटीना, शिह त्ज़ु, रॉटविलर, अमेरिकन बुली, ग्रेट डेन, डोबर्मन, चाऊ चाऊ, जर्मन शेफर्ड जैसी और भी कई प्रसिद्ध नस्लें शामिल थीं। इस आयोजन में ये खास बात रहा की इंडी डॉग (देसी) को फ्री एंट्री दी गई। इवेंट में रैंपवाक सहित कई प्रकार के कॉम्पीटीशन भी हुए।

## डोगो अर्जेंटीना, मिन पिन, पियोर वाइट साइबेरियन हस्की समेत कई अनोखे नस्ल के डॉग्स हुए शामिल



### भारतीय नस्ल के डॉग के लिए फ्री एंट्री

इस आयोजन में डॉग्स की रजिस्ट्रेशन के लिए नॉमिनल शुल्क रखा गया था, जबकि भारतीय नस्ल के डॉग्स, जिन्हें इंडी कहा जाता है, उनके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया गया, ताकि अडॉप्ट, डोंट शॉप और गर्व से देसी जैसे अभियानों को बढ़ावा दिया जा सके। इसके अतिरिक्त, एक दिन पहले कैट शो का भी आयोजन किया गया था।



### हमारे समय से ही घर में गाय और कुत्तों के लिए अलग से रखते थे खाना- पांडेय

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे और विधायक रिकेश सेन, भिलाई निगम एमआईसी मेंबर लक्ष्ममीपति राजू, दुर्ग अधिवक्ता संघ ,,, रवि शंकर सिंह विशेष रुप से उपस्थित थे। इस दौरान प्रेम प्रकाश पांडे ने कहा कि डॉग्स और मनुष्यों के बीच पुराना संबंध है। पहले हमारे यहां परंपरा रही है की कई घरों में गायों और कुत्तों को खिलाने के लिए भोजन अलग से रखा जाता है। डॉग्स को फैमिली मेंबर के जैसे रखना बहुत पहले से चला आ रहा है। अब लोग नस्लीय कुत्तों को पसंद कर रहे हैं, लेकिन हमारे समय में हम सड़क के कुत्तों को दुलारते थे। कुत्ता एक ऐसा साथी है जो हमारे दुख और अकेलेपन में हमारा साथ देता है और हमें ठीक करने की कोशिश करता है। वह हमारी वफादार चार पैरों वाला मित्र है।



### इस क्षेत्र में रोजगार के भी ऑप्शन- डॉ. रॉय

डॉ. सुशोभन रॉय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन द्वारा सैकड़ों डॉग्स को मुफ्त रेबीज टीकाकरण भी प्रदान किया गया। डॉ. रॉय ने कहा, 1992 में कुछ ही डॉग्स ने इस शो में भाग लिया था, लेकिन आज 200 से अधिक डॉग्स की भागीदारी देखकर हर्ष हो रहा है। लोग अब भारतीय नस्ल के डॉग्स को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं, जो उनकी वफादारी के लिए प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था को भी लाभ हो रहा है।

### डॉग ओनर्स ने दिया दिल छू लेने वाला संदेश

इवेंट में पहुचें डॉग ओनर्स से कहा कि, डॉग पालने का अर्थ है लगभग 15 वर्षों का एक अटूट संबंध स्थापित करना। उन्हें सड़क पर छोड़ना या त्यागना उचित नहीं है, क्योंकि वे हमारे परिवार के सदस्य होते हैं। जहां मानव संबंधों में धोके की संभावना हो सकती है, वहीं ये निःस्वार्थ जीव कभी हमें धोखा नहीं देते। इसलिए, यदि आप किसी डॉग को अपनाते हैं, तो उसे परिवार के सदस्य की तरह प्यार और देखभाल दें। यदि उन्हें कोई समस्या होती है, तो उनका उपचार कराएं और उन्हें कभी भी सड़कों पर मरने के लिए न छोड़े।



अमेरिकन बुली



डोगो अर्जेंटीना











चाऊ चाऊ

## स्वामी दिव्यानंद की 35वीं पुण्यतिथि पर यजुर्वेद पारायण महायज्ञ

**कार्नर न्यूज**

# हमारे कर्म ही होते हैं सुख और दुख के कारण यजुर्वेद पारायण महायज्ञ में दी 11000 आहुतियां

**भिलाई।** स्वामी दिव्यानंद महाराज की 35वीं की पुण्यतिथि के अवसर पर आर्य समाज में यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वामन गोपाल पटेल, पद्मावती पटेल ने मुख्य यजमान बनाकर आहुति दी। इस दौरान पंडित कमल नारायण आर्य और पं नंदकुमार एवं इंद्रमणि वानप्रस्ती ने वेद मित्रों का पाठ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि दिव्य आनंद को प्राप्त करने के लिए जीवन को दिव्य बनाना जरूरी है। दान, सत्य, प्रेम, तप और साधना जीवन को दिव्य बनाते हैं। जल के स्नान से शरीर शुद्ध होता है, मन सत्य बोलने और सत्य व्यवहार से शुद्ध होता है, विद्या और तप से आत्मा शुद्ध होता है। बुद्धि यथार्थ ज्ञान से शुद्ध होती है।



### तपस्या व साधना सही मायनों में है तीर्थ

सत्य, धैर्य, निर्लोभता, सरलता, नम्र चित्त, अहिंसा, दया, सम, दम, ममतारहित, अहंकार वर्जित, द्वन्द्वों के सहन करने वाले तपस्वी और भिक्षा से निर्वाह करने वाले ही तीर्थ है। सद्गुरु, आचार्य, यज्ञ, साधना, तपस्या, विद्या यही सच्चे अर्थों में तीर्थ है। जो मनुष्य को पवित्र करने वाले हैं, यही वे तीर्थ हैं, जिनके सेवन से मनुष्य संसार-सागर से तर जाता है। आर्य शब्द का अर्थ होता है श्रेष्ठ, सभी को श्रेष्ठ होने की कोशिश करनी चाहिए। श्रेष्ठ होने का अर्थ है आप दूसरों को सहयोग करें, उन्हें प्रसन्नता दें और दूसरों के लिए त्याग करना सीखें।

### यज्ञ करने से स्वर्ग प्राप्त होता है

पंडित कमल नारायण आर्य ने कहा कि स्वर्ग की कामना करने वालों को यज्ञ करना चाहिए। यज्ञ करने से स्वर्ग प्राप्त होता है। स्वर्ग का अर्थ है विशेष सुख और नरक का अर्थ है विशेष दुख। हमारे कर्म ही हमारे सुख और दुख के कारण बनते हैं। इस गांव में स्वामी दिव्यानंद सरस्वती ने यज्ञ की परंपरा डाली थी 60 वर्षों से प्रतिवर्ष यज्ञ करने की परंपरा चल रही है। नरेंद्र वर्मा, डॉ. नरेश वर्मा ,नीलकंठ पटेल ,तुलाराम पटेल, कल्याणी पटेल एवं समस्त आर्य समाज ग्राम बरतोरी ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

● एग्जाम कांउटडाउन टिप्स, सीबीएसई के परीक्षार्थियों संस्कृत विषय लगता है कठिन

# संस्कृत स्कोरिंग सब्जेक्ट, रटने के बजाय अर्थ को समझें रचनात्मक खंड के प्रश्नों पर ध्यान देकर लाएं शत-प्रतिशत अंक

**भिलाई।** 10वीं व 12वीं के बोर्ड एग्जाम का अब काउंटडाउन शुरु हो चुका है। बोर्ड परीक्षा का नाम सुनते ही बच्चों को एग्जाम फीवर चढ़ जाता है। जिसके लिए प्रत्येक विद्यार्थियों के दिल और दिमाग में एक अलग चिंता व डर हर क्षण रहता है। जिससे उसकी परीक्षा के लिए की गई तैयारियों पर विपरित प्रभाव पड़ सकता है।सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से आरंभ हो रही हैं।वर्तमान परिवेश में अधिकांश बच्चों के लिए संस्कृत काफी टफ विषय रहता है। कक्षा दसवीं की संस्कृत की परीक्षा 22 फरवरी को आयोजित होनी है। इस परीक्षा के लिए हरिभूमि ने शहर के जाने-माने अनुभवी संस्कृत शिक्षक डॉ. अजय आर्य से बातचीत की ताकि बच्चें संस्कृत के पेपर को आसानी से हल कर अच्छे नंबर ला सके। संस्कृत शिक्षक ने संस्कृत विषय में बेहतर अंक लाने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए बताया कि संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र 80 अंकों का है। यह प्रश्न पत्र चार भागों में बंटा हुआ है। पहला भाग अपठित बोध, दूसरा रचनात्मक, तीसरा व्याकरण और चौथा पठित बोध। अपठित बोध 10 अंक, रचनात्मक खंड 15 अंक, व्याकरण के लिए 25 अंक निर्धारित किए गए हैं। पठित बोध 30 अंकों का रहेगा।

### परीक्षार्थियों के लिए पांच सूत्र

परीक्षा के महीने में अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें। सादा और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। अपनी पढ़ाई परीक्षा से कुछ दिन पूर्व पूरी कर लें। अंतिम समय में सिर्फ अभ्यास और दोहराने का ही प्रयत्न करना चाहिए। अनावश्यक तनाव से बचना चाहिए। हल्के व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।



### रिविजन से बढ़ता है आत्मविश्वास

सभी कक्षाओं के परिक्षार्थियों किसी भी परीक्षा के अंतिम समय में नया सीखने से बचना चाहिए। जो हमारी दिमाग में है, जिसे हमने पढ़ा, सुना और अभ्यास किया है उसे दोहराने से परीक्षार्थी का आत्मविश्वास बढ़ता है। किसी भी विषय में बिल्कुल नया पढ़ने और सीखने से जो अपनी परीक्षा की तैयारी आरंभ करते हैं उनका आत्मविश्वास डगमगाता है। इसलिए विद्यार्थी पहले प्रश्न पत्र के पैटर्न का अध्ययन करते हुए उन प्रश्नों का अभ्यास करें जिसमें आपका आत्मविश्वास अधिक है और जो आपको आता है। कम से कम ऐसे प्रश्न 50 से 60% होते हैं। इन प्रश्नों को दोहराने और अभ्यास करने से परीक्षार्थी की 60% की तैयारी जल्द ही हो जाती है। तैयारी को तीन हिस्से में बांट करके करना चाहिए। सबसे पहले जो हमें आता है, जिसका सिर्फ अभ्यास करना है। दूसरे हिस्से में उसकी तैयारी की जानी चाहिए जो हमें आधे अधूरे आते हैं। जो कभी सही होते हैं, कभी गलत होते हैं। अंत में जो प्रश्न हमें नहीं आते उनकी ओर अग्रसर होना चाहिए। अगर ऐसे प्रश्न 5 - 10% के हैं और जिन्हें करने से आत्मविश्वास गड़बड़ाता हो ऐसे प्रश्नों को चिन्हित करके छोड़ भी सकते हैं।

### सामान्य विद्यार्थियों के लिए दिशा-निर्देश



डॉ अजय ने बताया कि संस्कृत विषय स्कोरिंग विषय है। इसमें थोड़ी मेहनत करके अच्छे अंक प्राप्त किया जा सकते हैं। इसलिए सबसे पहले पाठ्य पुस्तक में दिए गए प्रश्नों को हल किया जाना चाहिए। विशेष रूप से रिक्त स्थान वाले प्रश्नों को रखने की बजाय इसका अर्थ समझकर सॉल्व करे। जो प्रश्न रिक्त स्थान के रूप में दिए गए हैं और उनके विकल्प दिए गए हैं उन शब्दों के अर्थ को समझ ले। कई बार छात्र क्रम रट लेते हैं। अर्थ नहीं समझने की स्थिति में ऐसे सरल प्रश्न भी गलत हो जाते हैं। संस्कृत के विद्यार्थियों को पैटर्न समझकर तैयारी करनी चाहिए। गाइड आदि पर ज्यादा निर्भर न रहे। जो प्रश्न शिक्षक सॉल्व कराते हैं, वे छात्रों के स्तर के अनुरूप रहते हैं। क्योंकि वे वहां पर क्लिष्ट या कठिन होते हैं।

### शत-प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सुझाव

संस्कृत विषय स्कोरिंग विषय है। इसमें थोड़ी सी सावधानी बरतकर कर शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया जा सकतता हैं। जो विद्यार्थी शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर के चल रहे हैं उन विद्यार्थियों को रचनात्मक खंड पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ऐसे विद्यार्थियों जिनके दो-तीन अंक कटते हैं वे विशेष रूप से रचनात्मक खंड में अनुच्छेद लेखन, पत्र लेखन, चित्र वर्णन जैसे प्रश्नों पर ही कटते हैं। चित्र वर्णन के प्रश्न का उत्तर लिखते समय छात्रों को सरल वाक्य का निर्माण करना चाहिए। संस्कृत में एक कर्ता और एक क्रिया का उपयोग करके सही वाक्य बनाए जा सकते हैं। चित्र वर्णन करते समय अधिक शब्दों का प्रयोग करना और वाक्य बनाना, वाक्य को त्रुटि पूर्ण बना देता है और अंक कटते हैं। इसलिए कम शब्दों का प्रयोग करके सार्थक वाक्य की रचना की जानी चाहिए।

### व्याकरण को याद करने के बजाय समझें

व्याकरण का अभ्यास करते समय संधि के नियमों को विशेष रूप से याद करने की बजाय संधि में छिपे हुए दो शब्दों को समझने और चुनने की कोशिश करनी चाहिए। जिन छात्रों का शब्दकोश अच्छा होता है उन्हें संधि वाले प्रश्नों को हल करने में मदद मिलती है। तद्धित और स्त्री प्रत्यय एवं अव्यय के प्रश्नों को सॉल्व करते समय पैटर्न को विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। प्रश्न पत्र के लिए चुनिंदा प्रत्ययों को ही शामिल किया गया है, उन्हीं प्रश्नों की तैयारी करने से बौद्धिक स्तर पर कम जोर पड़ेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

---

सिटी इवेंट

## रोपित पौधों को गोद लेकर मित्र मंडल कर रहे संरक्षण



**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल नगर निगम भिलाई द्वारा रोपित पौधों को सहेजने के उद्देश्य से पौधों को गोद लेकर उसके संरक्षण के लिए ट्री गार्ड सहित सभी जरुरी इंतजाम करने की दिशा में कार्य कर रहे है। रविवार को सेक्टर 2 गैरेज रोड, बैडमिंटन खेल मैदान और ब्लास्ट फर्नेस मॉन्यूमेंट चौक के पास भिलाई नगर निगम द्वारा एक वर्ष पहले काफी संख्या में छायादार व मूल्यवान पौधों को रोपित किया गया था जो अब क्षतिग्रस्त और सूखने के कगार पर आ गये थे, उन्हें पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई द्वारा छह माह पूर्व इन पौधों को गोद लेकर सजाने, संवारने और संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में आज सुबह 7 बजे से 9 बजे तक कुल तीस पौधों को गुड़ाई कर पौधे के चारों ओर गोल गड्ढा किया गया ताकि पानी रुक सके और पौधों को भरपूर पानी मिले, बेर के कांटे डालकर बराबर रस्सी से बांधकर सुरक्षा घेरा लगाकर उसे सहेजने के लिए सुनिश्चित किया गया है। इस श्रमदान कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्य सियाराम कश्यप के नेतृत्व में डी एस मिश्रा, मारुति शंकर बल, अरूप राय, संजय महाजन, अरविंद जैन, लखन मलागर, देवसिंह साहू, जी पी त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाकर पौधे संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

■ मंडल ने नगर निगम भिलाई द्वारा रोपित पौधों को लिया गोद

पर्यावरण मित्र मंडल के बालू राम वर्मा ने बताया कि उनकी संस्था पूरे भिलाई में अपने लगाए पौधे के अलावा भिलाई निगम द्वारा रोपित पौधों और हजारों वृक्ष को संरक्षण दे रही है। भीषण गर्मी में इन पौधों को पानी के साथ अपनी मेहनत व पसीने से सींचकर अधिकांश पौधों को ट्री गार्ड (सुरक्षा घेरा) लगाकर जीवित बचाए हुए हैं। जिसे देखकर कई प्रकृति प्रेमी भी संपर्क कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे है।

स्पोर्ट्स लाइव

## खो-खो टीम ने लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट के लिए किया क्वालीफाई



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की खो खो महिला टीम ने लगातार तीसरी बार ऑल इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खो खो महिला प्रतियोगिता विनोबा भावे विश्वविद्यालय झारखंड में 6 से 8 फरवरी तक अयोजित किया गया था। जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की महिला खो खो-खो टीम ने विनोबाभावे यूनिवर्सिटी की टीम को 9 अंको से पराजित कर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय में प्रवेश किया है। जानकारी देते खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बताया कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता कोज़िकोड कॉलिकट में 22 से 25 फरवरी तक होगा। टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलपति संभायुक्त सत्यनारायण राठौर, कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने टीम को शुभकामनाएं दी है। प्रतियोगिता में पायल पटेल ने 2 मिनट और 3 पॉइंट अर्जित किया। उमा साहू ने 2 मिनट और 2 पॉइंट, पायल साहू 4 पॉइंट अर्जित किया। बाकी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को विजेता बनाया। टीम के कोच मैनेजर दिलीप इंगले थे।

■ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की महिला टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

सिटी इवेंट

## राज्य उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य बने डॉ. रवि श्रीवास्तव



**भिलाई।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक डॉ रवि श्रीवास्तव को छत्तीसगढ़ शासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य उच्च शिक्षा परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। राज्य में इस सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है, जिसके लिए योजनाएं बनाना और उसके क्रियान्वयन के लिए विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में परिषद का गठन किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव परिषद के उपाध्यक्ष होंगे। शासन द्वारा जारी आदेश में राज्य उच्च शिक्षा परिषद नीतिगत निर्णय, योजना बनाना, निगरानी और मार्गदर्शन करने का कार्य करेगी, साथ ही रुसा और पी एम ऊषा से संबंधित योजनाओं का अनुमोदन करना है। डॉ रवि श्रीवास्तव को राज्य उच्च शिक्षा परिषद का सदस्य मनोनीत किये जाने परविश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा, कुलपति डॉ झा, कुलसचिव पी के मिश्रा, डायरेक्टर डॉ सुशील चंद्र तिवारी एवं स्टॉफ ने बधाई दी है।

### 11 फरवरी को होगा संत समागम

**भिलाई।** पाटेश्वर रामबालक दसधाम बालोद वाले महात्यागी संत रामबालक दास का 11 फरवरी को केम्प 2, वार्ड 34 गांधी चौक स्थित मां दुर्गा मंदिर में आगमन होगा। वे देवी भागवत कथा के अंतिम दिन दोपहर 1 से 3 बजे तक धर्मसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सनातन धर्म के लिए जनमानस को प्रेरणा देंगे। सभा में भगवताचार्य पं. पवन तिवारी ब्राह्मण भेड़ी वाले भी व्याख्यान देंगे। आयोजन समिति धर्म सभा में अधिक-से-अधिक लोगों के उपस्थिति की अपील की है।

प्रयागराज महाकुंभ में

## चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र मनोरमा ने कहा- भिलाई को भलाई का वरदान प्राप्त



**भिलाई।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के अवसर पर भिलाई ब्रह्मकुमारीज़ द्वारा आयोजित स्वर्णिम भारत ज्ञान कुंभ मेले में चैतन्य देवियों की भव्य झांकियों को देख देश-विदेश से आये करोड़ों श्रद्धालु भाव-विभार होकर आयोजन की सराहना कर रहे है। प्रेम, श्रद्धा और परमात्म अवतरण संदेश के लिए प्रयागराज सेवाकेंद्रो की निदेशिका एवं मेला प्रभारी राजयोगिनी मनोरमा बहन ने शिक्षा एवं इस्पात नगरी मिनी इंडिया भिलाई का आभार व्यक्त किया है। भिलाई को पूरे विश्व के ब्रह्माकुमारीज़ परिवार में भलाई करने वाले कहा जाता है, इस वरदान और राजयोगिनी आशा बहन के श्रेष्ठ संकल्प से प्रयागराज महाकुंभ में चैतन्य देवियों की झांकी अनवरत जारी है। स्वर्णिम भारत ज्ञानकुंभ मेले एवं चैतन्य देवियों की झांकी का दर्शन लाभ उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, डिस्ट्रिक जज संतोष राय, प्रशासनिक अधिकारी,संत महात्मा, विदेशी श्रद्धालु, मीडिया सदस्य सहित देश के असंख्य श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। मनोरमा बहन ने बताया कि इस पवित्र महाकुंभ के लिए जैसे एक पूरा जिला और नगर बस गया, ठीक इसी प्रकार हम सभी के पवित्र संकल्पों से स्वर्णिम भारत की परिकल्पना भी साकार होनी ही है। विशेष चैतन्य देवियों की झांकी के दर्शन बाद संत महाराज ने एक टांग में खड़े होकर एवं विदेशी श्रद्धालु मूर्ति रूप में विराजमान चैतन्य देवियों की आरती कर अपनी भावनाओं को प्रकट किया। इस दिव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को राजयोग द्वारा प्राप्त शक्तियों से तन और मन की एकाग्रता, युगों का दर्शन, परमात्म परिचय, आत्मज्ञान, शाश्वत यौगिक खेती, सनातन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनुपम संदेश दिया, जिसे देश-विदेश से आए भक्तों ने काफी सराहा। झांकी स्थल पर आयोजित राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक मूविंग चित्र प्रदर्शनी में असंख्य श्रद्धालुओं की भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि आध्यात्मिक शांति और आत्मशुद्धि की राह पर लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की सकारात्मक प्रतिक्रियाओं और दिव्य अनुभवों ने इस आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित सेक्टर 7, बजरंग दास मार्ग में भिलाई की चैतन्य देवी की अलौकिक दिव्य झांकी मेला भिलाई ब्रह्माकुमारी द्वारा लगाया गया है, जिसमें भिलाई एवं भारत के अन्य सेवाकेंद्रो से आए सेवाधारी अपनी सेवाएं दे रहे है। प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित सेक्टर 7, बजरंग दास मार्ग में भिलाई की चैतन्य देवी की अलौकिक दिव्य झांकी मेला भिलाई ब्रह्माकुमारी द्वारा लगाया गया है, जिसमें भिलाई एवं भारत के अन्य सेवाकेंद्रो से आए सेवाधारी अपनी सेवाएं दे रहे है।



देवी भागवत कथा का आयोजन

## पाप बढ़ने पर धरती पर अवतार लेते हैं भगवान : पं पवन तिवारी



**भिलाई।** देवी भागवत कथा का आयोजन भिलाई के वार्ड 34, केम्प 2 में किया गया है, जहां देवी की कथा व महिमा सुनने व जानने भक्त पहुंच रहे है। पंडित पवन तिवारी ने मां जगदम्बा प्रकाट्य व महिषासुर जन्म-वध का प्रसंग सुनाया। मां दुर्गा मंदिर और वार्डवासियों के सहयोग से वार्ड 34 केम्प दो में आयोजित देवी भागवत कथा में पं. पवन तिवारी ने सातवें दिन मां जगदंबा के प्रकाट्य, व महिषासुर प्रसंग पर कहा कि दानव दनु के पुत्र रंभ का महिषी से विवाह हुआ। रंभ के युद्ध में मारे जाने पर महिषी वियोग में पति की जलती चिता में कूद गई, फिर अग्नि से महिषासुर का जन्म हुआ। महिषासुर ने ब्रह्म की तपस्या कर वर मांगा कि वह दैत्य या यक्ष से नहीं, बल्कि किसी नारी के हाथों मरे। महिषासुर के अहंकार, पाप बढ़ने व स्वर्ग पर कब्जा कर लेने से देवों ने शिवजी और विष्णुजी से मदद मांगी। फिर दोनों के क्रोध से मां जगदंबा प्रकट होकर महिषासुर का वध किया। भगवताचार्य पं. तिवारी ने कहा कि धरती में पाप बढ़ने पर मां पार्वती पापियों का विनाश करने अवतार लेती है। अहंकार पतन के रास्ते पर ले जाता है। जीवन में हमें धर्म मार्ग पर चलना चाहिए। सोमवार को शुंभ-निशुंभ वध व चढ़ोत्तरी होगी। मंगलवार को तुलसी वर्षा के साथ कथा का विश्राम होगा।



■ मां जगदम्बा प्रकाट्य व महिषासुर जन्म-वध का सुनाया प्रसंग

भगवान कृष्ण जन्म की झांकी देख भाव-विभोर हुए भक्त

## मैत्रीविहार में बाल कृष्ण जन्म की झांकी देखकर भाव-विभोर हुए भक्त, नाचते झूमते किया प्रभु का स्वागत

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मैत्री विहार राधिका नगर वार्ड 7 में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस दौरान कथा श्रवण करने काफी संख्या भक्त पहुंचकर कथा झांकियों का आनंद भी ले रहे है। भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य पंडित कुलदीप जोशी बेरला वाले द्वारा वामन अवतार, कृष्ण जन्म की कथा का मनोहारी प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने बताया कि जब भगवान विष्णु, वामन रूप में राजा बलि से तीन पग भूमि मांगते हैं, तो राजा बलि को उनके गुरु शुक्राचार्य द्वारा बताया जाता है की यह साधारण बालक नहीं है, इसलिए दान करने से मना करने कहते हैं। परन्तु राजा बलि अपने वचन पर अडिग रहे, भगवान वामन विराट स्वरूप बनाकर पहले पग में पाताल, दूसरे पग में ब्रह्माण्ड नाप दिए, तब बलि ने अपने तीसरे पग को अपने सिर पर रखने कहा। भगवान राजा बलि की दान शीलता से प्रसन्न होकर उन्हें अमरता का वरदान दिया।







### कृष्ण जन्म की झांकी देख भाव-विभोर हुए भक्त,

अचार्य जोशी ने कृष्ण जन्म की कथा में बताया कि मथुरा में राजा उग्रसेन का राज्य था। उसके पुत्र कंस ने राज्य के लालच में अपने पिता को सिंहासन से उतार कर, स्वयं राजा बन बैठा एवं उग्रसेन को जेल में डाल दिया। कंस की चचेरी बहन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ धूमधाम से हुआ। जब बहन की विदाई का समय आया तो आकाशवाणी हुई की देवकी का आठवां पुत्र, कंस का काल होगा। आकाशवाणी सुन कंस ने वसुदेव और देवकी को कारागार में डाल दिया। कंस एक-एक कर देवकी के सातों संतानों का वध कर दिया। उसके बाद भाद्रपद की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में जन्म लिया। कृष्ण जन्म होते ही कारागार में तेज प्रकाश फैल गया, दरवाजे खुद खुल गए, सभी सैनिक गहरी नींद में सो गए। वसुदेव और देवकी के सामने भगवान विष्णु चतुर्भुज रूप में प्रकट हुए और कहा उन्होंने कृष्ण के रूप में जन्म लिया है। वसुदेव से कहा उन्हे उसी समय गोकुल में नन्द बाबा के यहां पहुंचा दें, और उसकी कन्या को लाकर कंस को सौंप दें। वह कन्या कृष्ण की योगमाया थी। जैसे ही कंस उसे कन्या को पटक कर मारना चाहा तो वह हाथ से छूटकर आकाश में चली गई। इस समय भविष्यवाणी हुई कि तुम्हारा काल गोकुल पहुंच चुका है। कंस के द्वारा कृष्ण को मारने के लिए कई राक्षसों को भेजा गया, परंतु भगवान ने कई बाललीला रची और राक्षसों का वध कर दिया। बाद में मथुरा जाकर कंस वध करके कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई और फिर से उग्रसेन को राजा बनाया। प्रसंग का अर्थ समझाते हुए कहा कि जब जब अत्याचार बढ़ जाता है तो धर्म स्थापना के लिए भगवान को अवतार लेना पड़ता है। कथा आयोजक देवांगन परिवार द्वारा कृष्ण जन्म की सुन्दर झांकी निकाली गई। इस दौरान विलुप्त प्राय कांके पानी का वितरण श्रद्धालुओं को किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### म्यू थाई एसोसिएशन में छत्तीसगढ़ से अनीस, लखन और अमन को जवाबदारी




**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्यू थाई एसोसिएशन (आईएफएमए) की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के चुनाव रविवार को नई दिल्ली में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। जहां 2025 - 2029 के लिए 09 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ से अनीस मेमन सहसचिव चुने गए। वहीं लखन कुमार साहू सलाहकार समिति के चैयरमेन और अमन यादव एथलीट कमीशन के चैयरमेन बनाये गए हैं। चुनाव के लिए कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इण्डिया, नई दिल्ली में आमसभा आयोजित हुई जिसमे अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए के निर्देश पर, एशियाई संस्था एफएएमए के महासचिव एवं लीगल कमीशन के चैयरमेन मारवयन तान पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। आमसभा में चुनाव सर्वसम्मति से हुए। चुनाव पश्चात नियमानुसार 07 कमीशन का गठन कर विभिन्न प्रतिनिधियों को चैयरमेन बनाया गया। छत्तीसगढ़ म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि इस चुनाव में 28 राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच छत्तीसगढ़ को भी शानदार प्रतिनिधित्व मिला है। राज्य म्यू थाई संघ के महासचिव अनीस मेमन भारतीय म्यू थाई फेडरेशन यूएमएआई की कार्यकारिणी के सहसचिव सर्वसम्मति से चुने गए। राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू को सलाहकार समिति का चैयरमेन बना कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी अमन यादव (छ ग भाजपा खेल एवं कला सह प्रमुख) को एथलीट कमीशन का चैयरमेन नियुक्त कर उभरते युवा खिलाड़ियों की बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई है। 2025 - 2029 के लिए 09 सदस्यीय यूएमएआई कार्यकारिणी में अध्यक्ष - मोहन वर्मा (नई दिल्ली),वरिष्ठ उपाध्यक्ष - अनुपम माहता (झारखण्ड), उपाध्यक्ष - सुप्रियो बिस्वास (पश्चिम बंगाल),सचिव - श्रीराम चौधरी (राजस्थान), कोषाध्यक्ष - सोमबीर वशिष्ठ (हरियाणा), सहसचिव - धीरज बब्बर (पंजाब),सदस्य - आर बी राय (सिक्किम) और सदस्य - अमित सिंह (जम्मू एंड कश्मीर) बनाए गए हैं।

### राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ को मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला टीम इवेंट में रजत पदक



**रायपुर।** उत्तराखंड में जारी 38 वें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ 05 स्वर्ण पदक, 02 रजत पदक एवं 08 कांस्य पदक सहित अब तक कुल 15 पदक प्राप्त किए है। इसी कड़ी में रविवार को हल्द्वानी में मॉडर्न पेंटाथलॉन खेल में छत्तीसगढ़ ने ट्रायथले महिला टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने शूटिंग, दौड़ एवं तैराकी इवेंट्स में दूसरे स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ की महिला टीम इवेंट में मोनिका साहू (कबीरधाम जिला), दिलेश्वरी (दुर्ग जिला), चंद्रकला ओझा (दुर्ग जिला) शामिल है जिनके टीम के प्रशिक्षक रवि धनकर, तुलसी राम और प्रबंधक रीमा राय है। 38 वे राष्ट्रीय खेल में पदक प्राप्त मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अनिल पुसदकर एवं सचिव श्री प्रमोद सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

### स्कूली विद्यार्थियों ने लिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण




**रायपुर।** ग्राम सांकरा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धरसीवा में केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण "मिशन स्ट्रॉन्गहर" का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 220 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट हर्षा साहू (अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी) व सहायिका प्रतिमा कुमार ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा न केवल सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने और विपरीत परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

---

**● जीवनशैली में बदलाव लाकर आप सामान्य कर सकते हैं अपना ब्लड प्रेशर**

# बिना दवा के ब्लड प्रेशर को काबू में रखना चाहें तो मौजूद है उपाय, अपनी आदतों में करना होगा बदलाव

ज्यादातर लोगों में ब्लड प्रेशर की समस्या गलत खान-पान और अनियमित दिनचर्या के कारण होती है। ऐसे में खान-पान और दिनचर्या को नियमित कर लिया जाए तो काफी हद तक ब्लड प्रेशर की समस्या भी नियंत्रित हो सकती है।

अनियंत्रित ब्लड प्रेशर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या आजकल हर उम्र के लोगों में आम हो चुकी है। ऐसे में इससे राहत पाने के लिए दवा पर निर्भरता भी काफी हद तक बढ़ चुकी है। लोगों को बीपी को कंट्रोल में रखने के लिए दवाओं का सेवन आसान लगता है और वो बिना सोचे-समझे इसका सेवन करते रहते हैं। जबकि ऐसी दवाओं का लगातार सेवन सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बता दें कि ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने वाली दवाओं के सेवन के चलते व्यक्ति को जहां शारीरिक कमजोरी और थकान जैसी समस्याएं सामान्य दुष्प्रभाव के रूप में झेलनी पड़ती हैं। वहीं इनके अधिक सेवन के किडनी और लीवर से जुड़ी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए बेहतर यही होगा कि इन दवाओं के प्रयोग के बजाय प्राकृतिक तरीके से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित किया जाए। इसके लिए दिनचर्या और खान-पान को संयमित करना बेहद जरूरी है।



### खाने में नमक का प्रयोग कम करें

डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि खाने में नमक का अधिक प्रयोग करने से शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ती है जो कि ब्लड वेसेल्स दबाव डालता है और इससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को खाने में नमक का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। इसकी जगह आप चाहें तो सेंधा नमक का प्रयोग कर सकते हैं, क्योंकि सेंधा नमक में पाए जाने वाले पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में सहायक माना जाता है।

### जंक फूड का सेवन करें बंद

जंक फूड का सेवन तो वैसे सभी के लिए नुकसानदेह है पर हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए तो यह अधिक घातक साबित होता है। असल में जंक फूड में नमक और शुगर के साथ ही ट्रांस वसा और कैलोरी काफी अधिक मात्रा में पाई जाती है। ऐसे में इनका सेवन जहां सीधे तौर पर रक्तचाप को बढ़ाता है, वहीं ऐसे फूड के सेवन से मोटापा भी बढ़ता है, जो कि ब्लड प्रेशर की एक मुख्य वजह है। इसलिए अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो बेहतर यही होगा कि आप जंक फूड का सेवन बंद कर दें।

### स्मोकिंग से बनाए दूरी

स्मोकिंग भी हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए खतरनाक साबित होती है। दरअसल, सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटीन सीधे तौर ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है, इसलिए अगर किसी को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो इसके लिए स्मोकिंग से दूरी बनाए रखना ही बेहतर होगा।

### अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं



ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए शारीरिक गतिविधि बढ़ाना जरूरी है, क्योंकि आप शारीरिक रूप से जितने एक्टिव रहेंगे, मोटापा और उच्च रक्तचाप की समस्या उतनी ही कम होगी। इसलिए अपनी दिनचर्या में मॉर्निंग वॉक, एक्सरसाइज और योग के अभ्यास को जरूर शामिल करें। रोजाना एक निश्चित समय पर एक्सरसाइज और योग अभ्यास के जरिए आप वजन को नियंत्रित कर हाई ब्लड प्रेशर के साथ ही हृदय संबंधी रोगों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

### पर्याप्त नींद लें

पर्याप्त नींद अपने में आप कई सारे रोगों की दवा है, हाई ब्लड प्रेशर के बारे में भी यह बात लागू होती है।

---

# श्री लक्ष्मी-गणेश के सामने जलने वाले दीपक में डालें लौंग, होगा लाभ



माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा में दीपक जलाने के समय लौंग डालने से क्या लाभ हो सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### मां लक्ष्मी की आरती में करें लौंग का उपयोग

मां लक्ष्मी की पूजा में आरती करने के दौरान लौंग जरूर डालें। इससे घर में स्थित नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा मिल सकता है और धन-धान्य में भी वृद्धि हो सकती है। इतनी ही लौंग डालकर आरती करने से मां लक्ष्मी बेहद प्रसन्न होती है और उनकी कृपा सदैव व्यक्ति पर हबनी रहती है।

### भगवान गणेश की पूजा में करें लौंग के उपाय

भगवान गणेश की आरती के दौरान लौंग का उपोयग जरूर करें। इससे सुख-समृद्धि और सौभाग्य की भी प्राप्ति हो सकती है। वहीं भगवान गणेश (भगवान गणेश मंत्र) को विघ्नहर्ता कहा जाता है। इसलिए इनकी पूजा में आरती करने के दौरान लौंग का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इससे व्यक्ति के जीवन में आ रही बाधाएं दूर हो सकती है।

### मनचाहा नौकरी के लिए लौंग के उपाय

अगर किसी जातक को मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिलती है, तो इसके लिए बुधवार के दिन लौंग भगवान गणेश को चढ़ाएं और उसके बाद उसे अपने पर्स में रखें। इससे आपको लाभ हो सकता है। साथ ही आपको सफलता की प्राप्ति हो सकती है। अगर आपके घर में कलह-क्लेश की स्थिति बनी रहती है, तो लौंग और कपूर (कपूर के उपाय) एक साथ जलाएं। इससे आपको लाभ हो सकता है और शुभ फलों की भी प्राप्ति हो सकती है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा का संचार नहीं होगा।

---

# पॉलिश और अनपॉलिश दाल में जानिए कौन सी है बेहतर



दाल भारतीय खाने की थाली का अहम हिस्सा है। अधिकतर घरों में हर रोज दाल का सेवन किया जाता है। प्रोटीन से भरपूर दाल सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। दाल कई प्रकार की आती है जिसमें मसूर, मूंग, अरहर, चना शामिल हैं। दाल बच्चे से लेकर बड़ों सभी को पसंद आती है। घर से लेकर होटल तक दाल को कई तरीके से बनाया और सर्व किया जाता है। दाल को रोटी, चावल और नान किसी के साथ भी खाया जा सकता है। जब हम बाजार से दाल खरीद कर लाते हैं तो कुछ दाल चमकदार लगती हैं तो कुछ थोड़ी खुरदुरी।

कभी आपने सोचा है या आप जानते हैं आखिर इनका क्या मतलब होता है। अगर आपका जवाब नहीं है तो आपको बता देते हैं शाइन करने वाली दाल को पॉलिश दाल कहते हैं और रफ नजर आने वाली को अनपॉलिश दाल कहा जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं की इन दोनों दाल में फर्क क्या होता है। साथ ही, खाने के लिए कौन-सी बेहतर होती है। आज हम आपको इस आर्टिकल में इसी के बारे में विस्तार से जानकारी देने जा रहे हैं।

### पॉलिश दाल

पॉलिश दाल देखने में चमकदार होती है। इसकी सतह को कृत्रिम रूप से चमकाया जाता है। ऐसे में इसके ऊपर पॉलिश की एक लेयर आ जाती है। मशीनों के जरिये दाल की घिसाई होती है। इसके बाद अरहर, मसूर दालकी सतह चिकनी हो जाती है। कभी-कभी दाल पर चमक लाने के लिए सिलिकॉन पॉलिश और एडिबल ऑयल का भी इस्तेमाल किया जाता है। पॉलिशिंग प्रक्रिया के दौरान दाल की प्राकृतिक परत हट जाती है। जिसके चलते इस दाल में पोषण की मात्रा कम होती है। साथ ही, पॉलिश की वजह से दाल में से डायटरी फाइबर कम होने लगता है। जिसकी वजह से इस दाल के पाचन में भी दिक्कत होती है।

अनपॉलिश दाल की सतह थोड़ी रफ होती है। यह दाल एकदम प्राकृतिक होती है। इसपर किसी भी तरह की पॉलिश नहीं की जाती है। इस दाल की बाहरी परत फाइबर युक्त होती है। इस दाल को किसी भी तरह की मशीन में नहीं डालने की वजह से इसका नेचुरल टेक्स्चर बरकरार रहता है। ऐसे में यह दाल खाने के लिए बेहतर मानी जाती है। यह हेल्दी होने के साथ पाचन और बनाने में भी आसान होती है। अब आप जब भी मार्केट से दालें खरीदने जाएं तो हमेशा अनपॉलिश दाल ही खरीदें। यह आपकी और परिवार की सेहत के लिहाज से बेहतर होती है।

---

# कूलडाउन करते समय न करें ये गलतियां वरना मसल्स रिकवरी हो सकती है धीमी



जिम जाकर वर्कआउट करना , जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड से दूर रहना और योग करना आदि वो तरीके हैं, जिससे किसी को भी स्वस्थ रहने में मदद मिल सकती है। रोजाना वर्कआउट करने के भी कई फायदे होते हैं। लेकिन वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी भी काफी जरूरी होती है। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए, कुछ लोग सोर मसल्स में आराम देने वाले फूड का सेवन करते हैं; तो कुछ हाई प्रोटीन डाइट का सेवन करते हैं। मसल्स रिकवरी में कुछ विटामिन भी मदद कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद भी जरूरी है, जिसके लिए सोने के ये तरीके भी अपना सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी और इंजुरी से बचने के लिए कूल डाउन प्रोसेस भी करनी होती है। कूलिंग डाउन प्रोसेस आपकी हृदय गति को धीरे-धीरे कम करने के लिए पर्याप्त समय देता है, जो आपके शरीर को रिकवरी मोड में ले जाता है। कूल डाउन जब सही तरीके से किया जाता है, तो इसके अलावा स्टैटिक स्ट्रेचिंग या फोम रोलिंग शामिल है, जो थके हुए मसल्स को आराम देते हैं।

### कूल डाउन के दौरान होने वाली गलतियां



कूल डाउन में भले ही इसमें केवल कुछ मिनट लगते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद यह काफी जरूरी है। हो सकता है आप कूल डाउन की प्रोसेस के दौरान कुछ गलतियां कर रहे हों, जिस कारण से बॉडी सही से रिकवर नहीं हो पा रही हो। इसलिए कूलडाउन के समय दी हुई गलतियां करने से बचें।

### हर वर्कआउट के बाद कूलडाउन न करें

ज्योफ ट्रिप के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद कम से कम पांच मिनट का क्विक कूलडाउन प्रोसेस करने से मसल्स रिकवरी की प्रोसेस बढ़ जाती है। एक्सरसाइज के दौरान आपका शरीर कई तनावपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वर्कआउट के दौरान जो टेंशन क्रिएट होती है उस दौरान कैमिकल ब्रेक होते हैं, जो कि मसल्स में दर्द और थकान पैदा करते हैं। एक एक्टिव रिकवरी करने वाला कूलडाउन करके, उसके बाद स्ट्रेच करके मसल्स रिकवरी प्रोसेस की ओर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर एक्सरसाइज के बाद कूलडाउन करें। बल्कि वर्कआउट खत्म होने के बाद सिर्फ 10 मिनट इस प्रोसेस को दें। यदि आप 1 घंटा वर्कआउट कर रहे हैं, तो उसके बाद 10 मिनट कूलडाउन प्रोसेस करें, जिसमें स्ट्रेचिंग और फोम रोलिंग शामिल हों।

### अचानक से अपना वर्कआउट बंद कर देना

वर्कआउट के बाद कूलडाउन सबसे पहले शरीर के तापमान और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करता है। फिर शरीर को वर्कआउट रिकवरी मोड में लेकर जाता है। लेकिन ऐसा करने के लिए आपको तुरंत किसी वर्कआउट को बंद नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए आप यदि स्पीड में साइकिल चला रहे हैं और अचानक से ब्रेक लगा देंगे तो साइकिल गिर जाएगी। आप गिरें न इसके लिए धीरे-धीरे ब्रेक लगाने होंगे।

उसी तरह आपको वर्कआउट करना अचानक बंद नहीं करना है, बल्कि धीरे-धीरे वर्कआउट की तीव्रता को कम करना होगा, यह वर्कआउट सेशन को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आप दौड़ रहे हैं, तो धीरे-धीरे जॉगिंग पर आएं फिर तेज चलने पर आएं और फिर धीरे-धीरे अपनी स्पीड को कम करते हुए रुकें।



---

**कार्नर न्यूज**

**डॉक्टर से परामर्श लेने के साथ घरेलू उपाय भी अपनाना समझदारी**

# यूटीआई संक्रमण से राहत के लिए घरेलू उपाय भी है मौजूद, धनिया का बीज आजमा कर जरूर देखें

*पेशाब करते वक्त जलन या दर्द हो रहा है , तो हो सकता है कि आपको यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) हो। आपकी इस परेशानी को एक देसी इलाज ठीक करने में सहायता कर सकता है। ऐसा हम नहीं, एक्सपर्ट बताते हैं। यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन महिलाओं को होने वाला एक आम इंफेक्शन है। यूटीआई एक सामान्य बैक्टीरियल इंफेक्शन है जो यूरिनरी ट्रैक्ट को प्रभावित करता है, जिसमें गुर्दे, यूट्रस, ब्लैडर और यूरेथ्रा आदि शामिल हैं। यह किसी भी उम्र और लिंग को प्रभावित कर सकता है, लेकिन महिलाओं में इसकी शिकायत अधिक देखी जा सकती है। इसका कारण यह है कि महिलाओं में पुरुषों की तुलना में यूरेथ्रा छोटा होता है, जिससे इंफेक्शन फैलाने वाले बैक्टीरिया के लिए शरीर में एंटर करना आसान हो जाता है। इसके लिए आप अपनी गायनेकोलॉजिस्ट से संपर्क कर सकते हैं। यूटीआई के उपचार में आमतौर पर बैक्टीरियल इंफेक्शन को खत्म करने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का एक कोर्स शामिल होता है। कुछ घरेलू उपचारों के बारे में भी एक्सपर्ट्स बताते हैं।*




### यूरिनरी ट्रैक्ट को ठीक करेगा धनिया का बीज

धनिये के बीज शरीर में पानी के रिटेंशन को कम करते हैं और शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं। यह बीज यूटीआई को ठीक करने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि इनके सेवन से किडनी का फिल्टरेशन रेट बेहतर होता है। इससे आपको पेशाब आती है और टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते हैं।

### धनिये के बीज का पानी ऐसे पिएं-

इसके लिए 1 बड़ा चम्मच धनिया डेढ़ कप पानी में डालकर रात भर के लिए रख दें। सुबह इस पानी को छानकर आराम से पिएं। इससे आपकी पेशाब की जलन कम होगी और 2 से 10 दिनों के भीतर दर्द और जलन दोनों ही खत्म होगी। प्रतिदिन सुबह धनिये के बीज का पानी पीने से शरीर को ओलिक, एस्कॉर्बिक और लिनोलिक एसिड मिलता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को न्यूनतम स्तर तक नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। वहीं, धनिये में मौजूद फोलेट शरीर में हानिकारक एंजाइमों की मात्रा को कम करता है, जिससे टॉक्सिन्स बाहर होने आपकी परेशानी भी दूर होती है। यूटीआई के चलते ट्रैक्ट में जलन और सूजन भी हो सकती है। यह बैक्टीरियल इंफेक्शन का एक आम लक्षण है। आप जब भी पेशाब करते हैं, तो एक दर्द भरी सेंसेशन आपको होती है। धनिये के बीज उस सेंसेशन को कम करने में बड़ा मदद कर सकते हैं।

### यूटीआई के लिए धनिया के बीज का उपयोग कैसे करें-



इसके पानी का सेवन करने के अलावा, धनिये के बीजों को अपने आहार में शामिल करने के कई तरीके हैंः धनिये के बीज की चायः 1-2 चम्मच पीसे हुए धनिये के बीजों को गर्म पानी में 5-10 मिनट के लिए भिगो दें। चाय को छानकर दिन में 2-3 बार पियें। मसाले को भोजन में शामिल करेंः स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य के फायदों के लिए आप इसे मसालों में कूटकर रख सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमसीयू में रेड हल्क की धमाल एंट्री सिनेमाई दुनिया का अलग प्रयोग



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) के दीवानों के लिए इस बार का वैलेंटाइंस डे खास होने वाला है। बड़े परदे पर उनकी नई कैप्टन अमेरिका से मुलाकात होने वाली है। हालांकि, ये नया कैप्टन अमेरिका उन्हें वेब सीरीज 'द फाल्कन एंड द विंटर सोल्जर' में ही दिख चुका है लेकिन, इसकी बड़े परदे पर शानदार एंट्री अब होने जा रही है, एमसीयू की 35वीं फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में। इस फिल्म का जो दूसरा इससे बड़ा धमाका है वह थैडियस रॉस के रूप में हैरीसन फोर्ड का एमसीयू में कदम रखना। मार्वल की काल्पनिक सिनेमाई दुनिया का ये एक अलग ही प्रयोग बनने जा रहा है क्योंकि सूत्र बताते हैं कि फिल्म में थैडियस रॉस को अमेरिका का राष्ट्रपति बनता दिखाया गया है जो गर्मी बढ़ने पर रेड हल्क में बदल जाता है। एमसीयू के प्रशंसकों ने इस काल्पनिक दुनिया में हल्क को पहले पहल 'आयरनमैन' की रिलीज के साल 2008 में ही आई एमसीयू की दूसरी फिल्म 'द इनक्रेडिबल हल्क' में देखा था। लेकिन, ये लाल वाला हल्क उससे काफी भिन्न है। हरा वाला हल्क जहां गुस्सा होने पर अपना चरम रूप दिखाता है, वहीं ये लाल वाला हल्क अपने आसपास की गर्मी से अपना रूप बदलने लगता है। एमसीयू के प्रशंसक अरसे से इस कहानी में 'थंडरबोल्ट्स' के आ जुड़ने का इंतजार करते रहे हैं और मार्वल स्टूडियोज की इस नई फिल्म में यही होने जा रहा है।

### टॉलीवुड

## बालकृष्ण का दुश्मन मिला गया पिनिसेट्टी मचाएगा खलनायक की भूमिका में कोहराम



एक्शन ड्रामा फिल्म 'अखंड 2' की रिलीज डेट जारी कर दी गई है। इसके लेकर कई खुलासे हो रहे हैं। हाल ही में इसमें खलनायक की रोल में भूमिका अदा करने वाले अभिनेता का नाम भी सामने आ गया है। साल 2021 में रिलीज हुई नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म 'अखंड' बॉक्स ऑफिस पर छा गई थी। अब निर्देशक बोयापति और बालकृष्ण 'अखंड 2' की तैयारी में लगे हुए हैं। इस फिल्म में कई कलाकार जुड़ रहे हैं।

25 सितंबर 2025 को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसके लिए सारे निर्देशक, निर्माता इसकी मेकिंग में व्यस्त हैं। 'अखंड' फिल्म में बतौर अभिनेत्री काम करने वाली प्रज्ञा अब 'अखंड 2' का हिस्सा नहीं होंगी, अब इनकी जगह संयुक्ता नजर आएंगी। वहीं खलनायक के तौर पर बालकृष्ण के दुश्मन के रूप में आदि पिनिसेट्टी नजर आएंगे। इससे पहले यह 'सराईनोडु' फिल्म में विलेन भूमिका में नजर आ चुके हैं।

साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने साथ मिलकर तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। तीनों फिल्में- 'सिम्हा', 'लीजेंड' और 'अखंड' बॉक्स ऑफिस पर छा गई थीं। इसके बाद बोयापति की यह चौथी फिल्म 'अखंड 2ः तांडवम' है।

फिल्म 'अखंड 2' पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। इसे हिंदी, अंग्रेजी के अलावा कई अन्य हिंदी भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में संयुक्ता मुख्य भूमिका में हैं, जिसका निर्माण 14 रील्स प्लस बैनर के तहत राम अचंता और गोपीचंद अचंता ने किया है। थमन ने संगीत तैयार किया है।

### छॉलीवुड

## 'यादव जी के मधु जी' पर लगेंगे ठहाके 28 को होगी सिनेमाघरों में रिलीज



अपना सिनेमा की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी कॉमेडी फिल्म 'यादव जी के मधु जी' 28 फरवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की प्रोड्यूसर शिवाली सैनी बिलासपुर में पली बढ़ी और मुंबई में जॉब कर रही थीं। उन्होंने बताया, मैं मुंबई में आर्ट डायरेक्टर के अंडर में सेट डिजाइनर रही। साथ ही प्रोडक्शन असिस्टेंट का भी काम किया है। मुंबई के मामी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने का मौका मिला, जहाँ सभी राज्यों की फिल्मों और गीतों की चर्चा हो रही थी, लेकिन किसी को भी छत्तीसगढ़ के संगीत और फिल्मों के बारे में पता नहीं था। यह बात मेरे दिमाग में चुभ गई और मुझे बहुत परेशान किया। उस समय मैंने सोच लिया था कि वापस बिलासपुर आकर कुछ करना है।

इंटीरियर डिजाइनिंग में ग्रेजुएशन कर चुकी शिवाली ने बताया, 2018-19 को में मैंने छत्तीसगढ़ के कई निर्माताओं और बड़े अभिनेताओं से मुलाकात की। जहाँ हर कोई कहता था कि इतनी अच्छी कहानी यहाँ मत बनाओ, हिंदी सिनेमा जैसी कहानी है तो मुंबई जाकर बनाओ। मुझे कोई निर्माता नहीं मिला। 2-3 साल तक काफी स्ट्रगल क्यों आखिरकार सोचा कि क्यों न खुद ही फिल्म बनाई जाए। राइटर और डायरेक्टर आदिल ने कहा, एक बुजुर्ग की कहानी है जो बहुत नॉटी लेकिन इमोशनल भी है। उसे इस उम्र में प्यार हो जाता है। इस दौरान वो कई तरह के इमोशन से गुजरता है। जो कि हास्य का जबरदस्त भाव पैदा करते हैं। इसके साथ साथ एक नौजवान की भी लव स्टोरी दिखाई गई है। फिल्म में सुनील चिपड़े,वैष्णवी जैन और रोहित वैष्णव समेत अन्य आर्टिस्ट दिखाई देंगे। गीतों को अनुपमा मिश्रा और ऋषभ सिंह ठाकुर ने स्वर दिया है। गीत आदिल खान और आदित्य चक्रवर्ती लिखे हैं म्यूजिक आदित्य चक्रवर्ती और बैकग्राउंड स्कोर आदित्य चक्रवर्ती का है।




नार्वे की सादगी

नार्वे जैसे देश में फैशन का अलग ही रंग चर्चा में रहता है। यहां सादगी को ज्यादा पसंद किया जाता है। माडल मारे डि मोडा ने पिछले दिनों नियॉन और सिंथेटिक रंगों का उपयोग डिजिटल वाइब और हाइपर-रियल एक्सप्रेशन को दर्शाने किया, जो अक्सर गेमिंग की दुनिया में देखा जाता है। यह आपके वार्डरोब विकल्पों के माध्यम से दैनिक जीवन की ग्रे नीरसता को दूर करता है। नार्वे का यह रंग सभी को पसंद आया।

## कोरियन ब्यूटी हैक्स से गायब हो सकते हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे, जानें कैसे?

त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं। वहीं आंखों के नीचे की त्वचा चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होती है और इसका ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते लाइफस्टाइल के कारण हम देर रात जागते हैं तथा कई चीजों का स्ट्रेस भी लेते हैं, जिनके कारण डार्क सर्कल्स बढ़ जाते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स में कोरियन ब्यूटी को काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन ब्यूटी हैक और बताएंगे इनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं- एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि स्किन को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो त्वचा को सभी तरह के स्किन इन्फेक्शन से बचाते हैं।

### खीरे को आंखों के नीचे लगाने के क्या फायदे हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करते हैं। खीरे में मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।



### आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन हैक


सबसे पहले एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर एक बाउल में डालें। इसके बाद इसमें एक खीरे को पीसकर डालें। इन दोनों को मिक्स करके उंगलियों की मदद से आंखों के नीचे लगा लें। लगभग 30 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें।

## क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, सामने वाला हो जाएगा फिदा



साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं।

वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं।



खास तौर पर अगर आप किसी को पसंद करती हैं, तो वैलेंटाइन वीक शुरू होने से पहले अपने क्रश को इंप्रेस कर सकती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो क्रश के सामने कैसे जाएं, तो इसके लिए हम आपको आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि क्रश के सामने भी आपका आत्मविश्वास बना रहे।

### सादगी भरा लुक रखें

ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

### भड़कीले कपड़ों से रहें दूर

ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

### आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता

अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

### अपने व्यक्तित्व का रखें ध्यान

अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है। ऐसे में क्रश को इंप्रेस करने के लिए तैयार तो हों, लेकिन खुद को बदलने की कोशिश कतई ना करें।

## वैलेंटाइन डे डेट लुक के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये खास शेड्स

मेकअप तो हम सभी को पसंद होता है और इसके लिए कई प्रोडक्ट्स आजकल मार्केट में आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन कितना ही मेकअप कर लिया जाये अगर लिपस्टिक का शेड सही नहीं चुना गया तो पूरा लुक आखिर में बिगड़ जाता है।

वैलेंटाइन डे आने वाला है और इस दिन हम अपने पार्टनर के साथ डेट नाइट पर जाते ही हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे शेड्स जो आपके वैलेंटाइन डे डेट लुक में जान डालने का काम करेंगे। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ आसान हैक्स-

### रेड कलर लिपस्टिक

वैलेंटाइन डे लुक के लिए रेड कलर को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। रेड कलर पैलेट में आपको कई शेड्स देखने को मिल जाएंगे, लेकिन रेड लिपस्टिक में आपको अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्राइट, डीप या वार्म कलर टोन को चुनना चाहिए। अगर आप रेड आउटफिट पहन रहे हैं तो रेड कलर की लिपस्टिक को अवॉयड ही करें। हालांकि ब्लैक



कलर की आउटफिट के साथ इस तरह के बोल्ड कलर लिप शेड बेस्ट रहेंगे।

### न्यूड ब्राउन शेड लिपस्टिक

अगर आप न्यूट्रल या सटल कलर पैलेट में मेकअप लुक को रखना चाहती हैं तो इस तरह का न्यूड ब्राउन शेड लिप कलर आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस कलर को आप लाइट से लेकर डार्क आउटफिट कलर के साथ कैरी कर सकती हैं।

## फैंसी लुक पाने के लिए परफेक्ट हैं सलवार-सूट के ये नए डिजाइंस

अपने लुक को खास बनाने के लिए केवल फैंसी डिजाइन ही नहीं बल्कि किसी भी आउटफिट की स्टाइलिंग भी सोच-समझकर करना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आए नजर स्टाइलिश और अप-टू-डेट।

### कलीदार सूट डिजाइन

अनारकली स्टाइल कलिदार सूट आपके लुक को काफी एलिगेंट लुक देने में मदद कर सकती हैं। रोहित बलाना द्वारा इस खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन सूट को डिजाइन किया गया है। इस तरीके के फ्लोर लेंथ अनारकली सूट के साथ आप दुपट्टे के लिए प्लेन लेकिन लेंथ में लम्बे दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं।

### शरारा सूट डिजाइन

आजकल मिरर वर्क पैटर्न काफी चलन में है। डिजाइनर गोपी वैद द्वारा इस खूबसूरत शरारा-सूट को स्टाइल किया है। इस तरह का फैंसी लुक वाला सूट लुक



आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

### पैन्ट्स स्टाइल प्लाजो सूट लुक

क्लासी लुक पाने के लिए शॉर्ट कुर्ती स्टाइल सूट के साथ आजकल प्लाजो पैन्ट्स को पहना जाता है। इस स्टाइलिश हैवी वर्क सूट को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के सूट लुक्स आपको मार्केट में लगभग 3,500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

**कार्नर न्यूज**

**स्मार्ट तरीके अपना कर दिखा सकते हैं आप अपना जलवा**

## कोट-ब्लेजर पहनने के स्मार्ट तरीके, शर्ट-टाई के बिना भी मिल सकता है सूट-बूट जैसा लुक

फॉर्मल और इनफॉर्मल के बीच बैलेंस करके चलना बहुत मुश्किल नहीं है। बस इसके लिए नए अंदाज में कोट-ब्लेजर, शर्ट, पैंट आदि को कैरी करना होगा। इसके बाद आपको एकदम नया लुक मिल जाएगा, जो कि देखने में वाकई दमदार होगा।

कई लड़के सूट-बूट इसलिए नहीं पहन पाते क्योंकि वे उतने फॉर्मल तरीके से ड्रेस को कैरी नहीं कर पाते। हालांकि, एकदम फॉर्मल दिखना इसके मुकाबले मुश्किल है। इसलिए बिना शर्ट और टाई के सूट-बूट टाइप का लुक चाहिए तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स फॉलो कर सकते हैं।

### टाई बांधना जरूरी नहीं?

फैशन की गलतफहमी कई बार हमें अच्छी ड्रेस पहनने से भी रोक देती है। हमें लगता है कि सूट-बूट के साथ टाई बांधना, फॉर्मल शर्ट, फॉर्मल शूज आदि पहनना जरूरी है। जबकि मॉडर्न दौर में ऐसा कोई हार्ड एंड फास्ट फैशन रूल नहीं है। हां, अच्छा दिखने के लिए शर्त है ड्रेस पहनने की, भले ही वो किसी के लिए कंफर्टेबल हो या न हो। हमें इसी रेस से आगे निकलकर फॉर्मल और इनफॉर्मल के बीच वाली लाइन पर चलना है।



### पोलो टी-शर्ट और ब्लेजर

आपके लिए भले ही यह नया हो लेकिन पोलो टी-शर्ट और ब्लेजर को पहनना सही साबित हो सकता है। आयुष्मान खुराना को देखकर इस बात को समझ सकते हैं। इसके साथ आप अपने पसंदीदा स्नीकर भी पहन सकते हैं और फॉर्मल शूज को थोड़े समय के लिए आराम दे सकते हैं। अगर आप पोलो टी-शर्ट के साथ ब्लेजर पहनें तो टी-शर्ट के सभी बटन को बंद रखें। साथ ही आप ब्लेजर की स्लीव को ऊपर चढ़ा लें। इसके अलावा आप राउंट नेक टी-शर्ट के साथ भी इस तरह का लुक पा सकते हैं।

इतना ही नहीं अगर आप केवल पोलो टी-शर्ट और कैजुअल पैंट ही पहनेंगे तो भी परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसके लिए आप सुझाव के तौर पर वरुण धवन के लुक को देख सकते हैं।

### जैकेट और टीज

हर बार कोट-ब्लेजर पहनना जरूरी नहीं है। सूट पहने किसी शख्स की तरह आकर्षक दिखने के लिए इस तरह की ड्रेस पहनें। सिंपल टीज, जैकेट और स्नीकर्स पहन सकते हैं। इसमें आप परफेक्ट दिखेंगे।

### ब्लैक ड्रेस

ब्लैक कोट, टीज और पैंट के साथ आपको इम्प्रेसिव लुक मिल सकता है। यकीन कीजिए ये लुक शायद आपको पूरी तरह टाई-कोट पहनने के बाद भी न मिले। इसके साथ एक व्हाइट कलर का स्नीकर, कितना दमदार है न। हां, हमेशा सफेद जूतों को चमकाकर रखें। हमेशा इम्प्रेसिव लुक के लिए कोट-ब्लेजर या जैकेट पहनने की आवश्यकता नहीं है। आप चाहें तो केवल बेहतरीन फिटिंग वाली शर्ट, जींस और ऑक्सफोर्ड स्टाइल के शूज भी कैरी कर सकते हैं।

